रोहतक
सोमवार, 24 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 148
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.4
न्यून. 28.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 आज भारत से आस्ट्रेलिया हारा तो होगा बाहर

## खबर संक्षेप

### इंग्लैंड वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने 116 रन का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर गई। इंग्लैंड सेफा में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। ऐसे में ग्रुप-2 का आखिरी मैच नॉकआउट हो गया है। *खेल पेज भी देखें*

### इसरो के रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग

**बेंगलुरु।** इसरो ने लगातार तीसरी बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स) में सफलता हासिल की है। पुष्पक ने तेज हवाओं के बीच एडवांस ऑटोनॉमस कैपेबिलिटी का इस्तेमाल करते हुए सटीक होरिजोंटल लैंडिंग की। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में सुबह 07:10 बजे लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के तीसरे और फाइनल टेस्ट को अंजाम दिया गया है। *एजेंसी*

### छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 2 जवान शहीद



**सुकमा/बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने पुलिस फोर्स के ट्रक को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए। जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट आरओपी (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, आईईडी की चपेट में आ गया। ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे।

### आतंकी संगठन से जुड़ा विज्ञान का छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बांग्लादेश के आतंकवादी संगठन से जुड़े होने के आरोप में एक कॉलेज छात्र समेत कुछ अन्य लोगों को पश्चिम बर्धमान जिले के पानागढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक कंप्यूटर विज्ञान विषय में द्वितीय वर्ष का छात्र है। *एजेंसी*

## 18वीं लोकसभा का कामकाज शुरू, 24 से 3 जुलाई तक चलेगा संसद सत्र


# लोकसभा का सत्र आज से, भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर सदन में शोरगुल के आसार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद, 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सत्र के दौरान लोकसभा में शोरगुल होने के आसार हैं। महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि सुरेश 1998 और 2004 में चुनाव हार गए थे, जिस कारण उनका मौजूदा कार्यकाल निचले सदन में लगातार चौथा कार्यकाल है। इससे पहले, वह 1989, 1991, 1996 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए थे।

### ऐसा रहेगा पहले सत्र का कामकाज

**10** दिन चलेगा संसद सत्र



**08** कुल बैठकें होंगी

- 24-25 जून : शुरुआती दो दिन नए सांसदों की शपथ
- 26 जून : लोकसभा स्पीकर का चुनाव किया जाएगा
- 27 जून : रास का सत्र शुरू, राष्ट्रपति का अभिभाषण
- 28 जून : पीएम मंत्री परिषद के सदस्यों का परिचय देंगे
- 1-3 जुलाई : राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

### निर्वाचित सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थाई अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। कार्यवाही की शुरुआत में, कुछ क्षणों के लिए मौन रखा जाएगा। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 28 को होगी चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति 27 जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 28 जून को शुरू होगी। प्रधानमंत्री द्वारा दो या तीन जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देने की उम्मीद है।

### जेल में बंद सांसद कैसे शपथ लेंगे

जेल में बंद निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेने के लिए पैरोल दी जाती है। इसके लिए संसद सचिवालय की तरफ से पहले जेल प्रशासन को सूचना देनी पड़ती है। इसमें बताया जाता है कि शपथ लेने वाला सांसद आपकी जेल में बंद है, उसे संसद में आकर शपथ लेने की परमिशन दी जाए। शपथ लेने के बाद सांसद वापस जेल चले जाते हैं। हालांकि, उनको लिखित में स्पीकर को जानकारी देनी होती है कि वे सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### इन मुद्दों पर संसद में बरपेगा हंगामा

**नीट :** परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। संसद में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की तैयारी में जुटा हुआ है।
**शेयर बाजार :** चुनाव नतीजों के बाद शेयर बाजार में आए उतार-चढ़ाव को लेकर विपक्षी पार्टियां सरकार पर आरोप लगा रही हैं। इस मुद्दे पर हंगामा होगा। साथ ही तीन आपराधिक कानून को लेकर हंगामा होने के आसार हैं।

## नीट-यूजी मामला: दो टीमें जांच के लिए जाएंगी पटना और गोधरा

# सीबीआई ने शुरू की अनियमितताओं की जांच, पहली प्राथमिकी दर्ज की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी विभिन्न राज्यों में पुलिस द्वारा दर्ज मामलों को भी अपने दायरे में लाने के लिए कदम उठा रही है। यह प्राथमिकी केंद्र द्वारा एजेंसी को परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सौंपने की घोषणा के एक दिन बाद दर्ज की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एक नया मामला दर्ज किया है। परीक्षा 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

### खास बातें

- सीबीआई ने अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में दर्ज किया केस
- विभिन्न राज्यों में पुलिस द्वारा दर्ज मामलों को भी अपने दायरे में लाएगी
- 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी परीक्षा
- करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने लिया था हिस्सा

### दोबारा परीक्षा : 494 में से 287 बच्चे ही पहुंचे सेंटर



हरियाणा के झज्जर में नीट की परीक्षा को लेकर हुए विवाद में दोबारा परीक्षा हुई। हालांकि इसमें से 494 बच्चों में से 287 ही एग्जाम देने पहुंचे। 207 बच्चे एग्जाम सेंटर नहीं आए। परीक्षा के लिए 2 सेंटर बनाए गए थे। पिछली बार एग्जाम के बाद नीट के टॉपरों में शामिल 6 कैंडिडेट झज्जर के बहादुरगढ़ स्थित एक ही सेंटर से थे। इसके अलावा यहीं के दो और कैंडिडेट थे, जिन्हें 718 और 719 नंबर मिले। इसके अलावा चंडीगढ़ में 2 कैंडिडेट्स के री-एग्जाम के लिए एक सेंटर बनाया गया था लेकिन वहां कोई भी कैंडिडेट नहीं पहुंचा। वहीं, 5 मई को हुई नीट परीक्षा के रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को री एग्जाम हुआ। एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे के बीच शेड्यूल किया गया था। 1563 में से कुल 813 कैंडिडेट्स ही एग्जाम में शामिल हुए। 750 कैंडिडेट्स एग्जाम देने नहीं पहुंचे।

### सीबीआई ने दो स्पेशल टीमें बनाई

जांच के लिए सीबीआई ने दो स्पेशल टीम बनाई हैं, जो पटना और गोधरा जाएंगी। केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया था। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया।

#### वेबसाइट हैक होने की खबरें गलत

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

## सीएम ने खोला घोषणाओं का पिटारा

# क्रीमिलेयर की वार्षिक आय 6 से बढ़ाकर 8 लाख की

**नौकरियों में ओबीसी वर्ग को मिलेगा बहुत लाभ | इसमें वेतन और कृषि से प्राप्त आय को शामिल नहीं किया जाएगा**



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में आज के दिन नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपये है। हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार उपरांत अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में यह क्रिमिलेयर बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक की जाएगी। इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। इसके अलावा, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

### समरसता सम्मेलन को किया संबोधित

सीएम ने कहा कि ओबीसी वर्ग के युवाओं को रोजगार सहज ढंग से मिले, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में ओबीसी मोर्चा सर्व समाज समरसता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ओबीसी समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से सजग हैं। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश बनी आफत

# अरुणाचल में बादल फटा लैंडस्लाइड-बाढ़ की आशंका

- असम में एक हफ्ते से बारिश जारी, 4 लाख लोग प्रभावित
- मृतकों की संख्या बढ़कर 37 हुई
- मध्यप्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार सुबह 10.30 बजे बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात बन गए। अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर लैंड स्लाइड हुआ। लोगों को वहां न जाने की सलाह दी गई है। वहीं, नेशनल हाइवे-415 पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे हुए हैं। उधर, असम में करीब एक हफ्ते से बारिश हो रही है। सरकार के अधिकारियों ने 22 जून को बताया कि बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं। इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 100 रिलीफ कैंप लगाए हैं। राहत सामग्री देने के लिए 125 सेंटर बनाए हैं।

### शाह ने की समीक्षा बैठक



गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। इसमें गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन मंत्रालयों और विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के अधिकारी शामिल हुए।
**मानसून 3 जुलाई तक दिल्ली-पंजाब को कवर करेगा :** 27 जून तक मानसून दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एंट्री ले सकता है और 3 जुलाई तक इन राज्यों को पूरी तरह कवर करके आगे बढ़ेगा। मानसून के साथ ही कुछ राज्यों में तेज गर्मी का दौर भी जारी है।

# यमुनानगर में मां-बेटे की हत्या



महिला के नाक से बह रहा था खून बेटे के गले पर मिले निशान

**यमुनानगर।** आजाद नगर गली नंबर दो में रविवार को किसी ने मां बेटे की हत्या कर दी। महिला के नाक से खून बह रहा था जबकि लड़के के गले पर निशान मिले हैं। दोनों के शव घर में अलग-अलग कमरे में पड़े मिले। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी, शहर थाना प्रभारी व सीआईए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार आजाद नगर गली नंबर दो निवासी काजल ने बताया कि वह अपनी 45 वर्षीय मां मीना तथा 22 वर्षीय भाई राहुल के साथ रह रही थी। उसका भाई फाइनेंस कंपनी में काम करता था। वह शहर के प्यारा चौक स्थित मोबाइल शॉप पर सेल्समैन का काम करती है। रविवार को जब वह घर पर पहुंची तो उसने देखा कि उसकी मां व भाई घर में अलग अलग कमरे में मृत पड़े हैं। उसकी मां के नाक से खून बह रहा था जबकि भाई के गले पर किसी चीज से घोटने के निशान थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच के दौरान घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। मां बेटे की हत्या क्यों व किस कारण की गई है अभी इसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। मृतक महिला के मोबाइल से डायल 112 पर किया गया था फोन बताया जा रहा है कि शाम करीब चार बजे मृतक मीना के मोबाइल से डायल 112 पर फोन किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उनके घर में किसी ने चोरी कर ली है। जब डायल 112 की टीम वहां पहुंचकर उसके मोबाइल पर फोन करती रही तो किसी ने फोन नहीं उठाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




### एक दूजे के हुए जहीर और सोनाक्षी, कोर्ट मैरिज की

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने कोर्ट मैरिज कर ली है, जिसके बाद दोनों ने शादी का ऐलान करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। साथ ही कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की। इससे पहले एक्ट्रेस के पिता और दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने भी बेटी और दामाद को मीडिया से बात करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सोनाक्षी ने क्रीम कलर की खूबसूरत साड़ी पहनी है। वहीं जहीर सफेद रंग के कुर्ते पजामे में नजर आए।

# बजरंग पूनिया को नाडा ने फिर निलंबित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद नाडा ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी नाडा ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार नाडा ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन तीन हफ्ते बाद एंटी डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल ने रद कर दिया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। अब नाडा ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को नोटिस भी जारी किया है। 10 मार्च को ओलिपिंक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान नाडा ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

## रोडमैप तैयार | हरियाणा में रिकॉर्ड जीत के लिए भाजपा का आगाज

*नागरिक अभिनंदन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर और चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब, रोहतक में बड़ी बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश*

# कांग्रेस को चारों खाने घेरने की तैयारी, सौ दिनों में डेढ़ करोड़ लोगों के घरों तक पहुंचने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विधानसभा चुनाव में अभी तीन महीने से ज्यादा का समय है। भाजपा ने अपने चुनावी अभियान का जोरदार आगाज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री और हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर और मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक में एक साथ एक मंच पर दहाड़े। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को चारों खाने घेरा और कांग्रेस के शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार, कालाबाजारी और अत्याचारों को जनता के बीच लेकर जाने की बात कही। भाजपा नेताओं ने पूरी रणनीति के तहत नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम से हर कार्यकर्ता की नब्ज टटौली और कांग्रेस पर प्रहार किया। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए माइक्रो मैनेजमेंट फार्मूला के जरिए भाजपा पूरी ताकत झोंकेगी। चुनावी रणनीति के तहत गांव, गली-मोहल्ले और घर-घर भाजपा नेता जाएंगे और जीत सुनिश्चित करेंगे। इसका संकेत भाजपा ने पहली ही सभा में दे दिया है। भाजपा ने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता के घर तक पहुंचने की रणनीति बनाई है। इतना ही नहीं चुनाव में जीत का रोडमैप भी तैयार करने के लिए संगठन की दो बैठकें भी हुई। रणनीति के तहत भाजपा का टारगेट रहेगा कि 100 दिनों में डेढ़ करोड़ लोगों के दरवाजे पर भाजपा दस्तक देगी। इससे पहले बहादुरगढ़ से रोहतक तक केंद्रीय नेताओं का जगह-जगह स्वागत किया गया।

**सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारियों के साथ बैठक करके बनाई रणनीति**



### कांग्रेस के षड्यंत्र को समझे जनता : प्रधान

धर्मेंद्र प्रधान ने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में कहा कि जनता कांग्रेस के षडयंत्र को समझे, कांग्रेस बहरूपिया है। कांग्रेस के शासनकाल के दौरान हरियाणा में दलित परिवारों, किसानों, वंचितों और अंबेडकर के संविधान के साथ हुए अत्याचारों को हम भूले नहीं हैं। कांग्रेस के भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, अत्याचारों को हमें जनता के बीच लेकर जाना है। बिप्लब देब ने कहा कि हरियाणा में बाप-बेटे की सरकार नहीं बनने देंगे। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के हथकंडों से जनता सावधान रहे।

### चक्रव्यूह तैयार, दिया लक्ष्य

हरियाणा में कांग्रेस को पूरी तरह से चित करने की रणनीति पर चल रही भाजपा ने रोहतक में चक्रव्यूह तैयार किया है। रोहतक में नागरिक अभिनंदन के बाद चुनाव प्रभारी धमेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, सीएम नायब सैनी, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने दो बैठकें ली। पहली बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी शामिल हुए, इसमें किरण चौधरी भी मौजूद रहीं। दूसरी बैठक विधायक और सांसदों के साथ हुई। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाने की रणनीति बनाई गई है। पहली ही बैठक में चुनाव प्रभारी धमेंद्र प्रधान ने साफ संकेत देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अगर कोई सुझाव है तो उस पर भी गंभीरता से चिंतन मनन होगा। इसलिए कार्यकर्ता अपनी बात रखने से न झिझके। वे बेहतरी के लिए सुझाव दें, उनकी बात सुनी जाएगी। बैठक में धर्मेंद्र प्रधान ने पदाधिकारियों से कहा कि हम सर्व समाज को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 24 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में यूएचबिविएन के मुख्यालय विद्युत सदन इंडस्ट्रियल प्लाट-3 और 4 सेक्टर-14 पंचकूला में सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक शिविर लगेगा।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार को 31 जुलाई तक करें नामांकन

**चंडीगढ़।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### भिवानी कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 को

**चंडीगढ़।** पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह की अध्यक्षता में भिवानी में 24 जून को आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 28 जून को होगी।

### वोटर कार्ड के लिए सत्यापन कल

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 'फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन' का कार्यक्रम जारी किया है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 25 जून को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन शुरू किया जाएगा। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि वे अपने फील्ड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें कि वे ऐसे सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को वापस बुलाएं जिन्हें बीएलओ के रूप में नामित किया गया है।

---

डीजीपी ने नारनौल में अधिकारियों के साथ की बैठक

# पुलिसकर्मियों की परफॉरमेंस को लेकर ग्रेडिंग से कार्यप्रणाली में आ रहा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा पुलिस में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की कार्यक्षमता बढ़ाने व कार्यों के मापदंड को निर्धारित करने के लिए तैयार किए आकलन प्रपत्र के सार्थक परिणाम आने लगे हैं। डीजीपी शत्रुजीत कपूर के नेतृत्व में इस आकलन प्रपत्र के आधार पर हरियाणा पुलिस में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है। इससे अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ रहा है और अन्य पुलिसकर्मी अच्छा काम करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने नारनौल पुलिस जिला का दौरा किया और वहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में उप पुलिस अधीक्षकों, निरीक्षकों एवं प्रबंधक अफसरों की परफोरमेंस को लेकर ग्रेडिंग की। सभी जिलों को किया जा चुका है कवरः पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं 14 जिलों का दौरा करते हुए पुलिस अधिकारियों की परफोरमेंस को रिव्यू किया गया हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार द्वारा 9 जिलों(डबवाली पुलिस जिला मिलाकर) तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक रेंज के के राव द्वारा चरखी दादरी जिला को विजिट किया गया। फील्ड विजिट के दौरान कपूर के साथ संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व अन्य मौजूद रहे।

■ अधिकारी व कर्मचारी स्वयं तैयार कर रहे अपना रिपोर्ट कार्ड



नारनौल। गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते डीजीपी शत्रुजीत कपूर।

### हर रैंक के कर्मियों की हो रही ग्रेडिंग

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लगभग 9 महीने पहले पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के आंकलन को लेकर आंकलन प्रपत्र(एसेसमेंट प्रोफार्मा) तैयार करते हुए उन्हें वितरित किया गया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस की अलग-2 युनिट जैसे- सीआईए, क्राइम यूनिट, साइबर यूनिट, अनुसंधान अधिकारियों, महिला पुलिस थानों, एसएचओ सहित अन्य यूनिट के कार्यों को परिभाषित करते हुए मुख्य निष्पादन संकेतक (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) तैयार किए गए हैं। प्रत्येक कार्य को लेकर अधिकारी अथवा कर्मचारी की जवाबदेही तय की गई है। इसके उन्हें अलग से अंक दिए जाते हैं ताकि पुलिस की कार्य प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

### नेगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान

उन्होंने बताया कि आकलन प्रपत्र को तैयार करते समय प्रत्येक अधिकारी अथवा कर्मचारी के उत्तरदायित्वों का बारीकी से अध्ययन करते हुए इन्हें बिंदुवार परिभाषित किया गया है। प्रत्येक पुलिस अधिकारी अथवा कर्मचारी इस प्रपत्र में वर्णित बिंदु अनुसार काम करते हुए खुद को नंबर देते हैं। जो पुलिसकर्मी निर्धारित मापदंडो के अनुसार कार्य नही करते, उनके लिए आकलन प्रपत्र में नेगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। आकलन प्रपत्र में पुलिसकर्मी को समग्र आकलन के आधार पर 10 नंबर संबंधित पुलिस प्रमुख द्वारा अलग से दिए जाने का प्रावधान भी किया गया है। नंबर पुलिसकर्मी की योग्यता, ईमानदारी तथा अनुशासन के आधार पर दिए जाते हैं। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### शिकायतकर्ता के फीडबैक महत्वपूर्ण

डीजीपी ने कहा कि आकलन प्रपत्र को तैयार करते समय शिकायतकर्ता की संतुष्टि को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा थानों आदि में दर्ज शिकायतों पर की गई कार्यवाही को लेकर शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया जाता है। इसके तहत शिकायतकर्ताओं से पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्टि को लेकर पूछा जाता है। यदि इस दौरान शिकायतकर्ता द्वारा कार्यवाही को लेकर असंतुष्टि जताई जाती है तो उससे कारण पूछा जाता है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस थाने में 80 प्रतिशत से अधिक शिकायतकर्ताओं द्वारा संतुष्टि जताई जाती है तो संबंधित थाना, चौकी अथवा पुलिसकर्मी को 10 नंबर मिलते हैं। इसी प्रकार, प्रपत्र में नशा मुक्ति अभियान, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, थानों में प्राप्त शिकायतों की संतुष्टि दर, दबंगो के खिलाफ कार्रवाई, साइबर अपराध नियंत्रण आदि को लेकर उल्लेखनीय कार्य करने वाले थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अलग से नंबर दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

### परफॉरमेंस को किया रिव्यू

पुलिस महानिदेशक द्वारा अब तक फरीदाबाद, झज्जर, पंचकूला, गुरूग्राम, सोनीपत, अंबाला, कुरूक्षेत्र, हिसार, जींद, हांसी, कैथल, पानीपत, रोहतक तथा नारनौल पुलिस जिला का दौरा करते हुए पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के परफोरमेंस को रिव्यू किया जा चुका हैं। इसी प्रकार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा यमुनानगर, करनाल, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, डबवाली, पलवल, नूंह, रेवाड़ी जिलों का दौरा किया गया है जबकि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक रेंज कृष्ण कुमार राव द्वारा चरखी दादरी का दौरा किया।

---

# एचसीएस अफसरों की पदोन्नति का रास्ता साफ

## इंतजार खत्म : 15 का होगा प्रमोशन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

पिछले कई साल से इंतजार करने वाले एचसीएस अफसरों को जल्द ही पदोन्नति का तोहफा मिलने जा रहा है। हरियाणा सिविल सर्विस अफसरों की लंबित पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की ओर से मांगे सभी दस्तावेज कानूनी राय के साथ भेज दिए हैं। अब यूपीएससी की ओर से बैठक आयोजित की जानी है, जिसमें मुख्य सचिव, सीनियर आईएएस, यूपीएससी, केंद्र सरकार के लिए सदस्य शामिल होंगे और प्रमोशन पर फाइनल मुहर लगा दी जाएगी। कुल 15 पदों पर एचसीएस से इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज (आईएएस) पद पर पदोन्नति होनी है। हरियाणा सरकार ने 2002, 2003 और 2004 बैच के 30 अफसरों के नाम भेज दिए हैं। साल 2020 के बाद से एचसीएस अफसरों की पदोन्नति नहीं हुई है। सरकार की भी कोशिश है कि पदोन्नति में आ रही सभी बाधाओं को दूर कर सौगात दी जाए।

सरकार ने 2020, 2021, 2022 के 15 रिक्त पदों के लिए पिछले साल ही 30 अफसरों के नाम भेज दिए थे। मगर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सरकार की भेजी गई सूची पर सवाल खड़े कर दिए। यूपीएससी ने सरकार को पत्र भेजा और कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि 2001 और 2004 की एचसीएस (कार्यकारी शाखा) और संबद्ध सेवाओं की परीक्षाओं में भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया में हेरफेर किया गया था और पूरी भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे पर है। साथ ही यह भी कहा कि एसीबी की रिपोर्ट में जिन उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें से कुछ के नाम 2020 और 2021 की चयन सूचियों के लिए हरियाणा कैडर के आईएएस में पदोन्नति के लिए राज्य सरकार से प्राप्त पात्रता सूचियों में भी शामिल हैं। जिसके बाद में सरकार ने एजी ऑफिस से राय मांगी थी और एजी ऑफिस ने हरिझंडी देते हुए कहा कि पदोन्नति में कोई दिक्कत नहीं है। वैसे, एलआर आफिस से भी इस बारे में राय ली थी। उसके बाद सरकार ने अपनी रिपोर्ट में सभी दस्तावेज, एसीबी की जांच रिपोर्ट और चार्जशीट व कानूनी राय भी भेज दी है। जिसके बाद में इस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई है।

### ये अधिकारी लाइन में

पदोन्नति की पंक्ति में लगे अफसरों में विवेक पदम सिंह, वीना हुड्डा, डॉ. सारिता मलिक, सुरेंद्र सिंह, जगदीप ढांडा, कमलेश भादू, डॉ. मनीष नागपाल, कुलधीर सिंह, वत्सल वशिष्ठ, जगनिवास, महाबीर प्रसाद, महेंद्र पाल, सतपाल शर्मा, अमरदीप सिंह, सुशील कुमार, वर्षा खंगवाल, वीरेंद्र सहरावत, आशिमा सांगवान, सतेंद्र दूहन, मनीता मलिक, सतबीर सिंह, अमृता सिंह, योगेश कुमार, वंदना दिसोदिया, डा. सुमिता ढाका, जगदीप कुमार, समवर्तक खंगवाल, अनुराग ढालिया, योगेश मेहता और नवीन कुमार आहुजा शामिल हैं।

---

# नीट में धांधली को लेकर आप ने सरकार को घेरा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने नीट के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए और 4 जून को ही नीट के नतीजे आए। जबकि 14 जून को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाना था। नीट का परिणाम 10 दिन पहले ही लोकसभा चुनाव के साथ इसलिए घोषित किया गया ताकि लोकसभा केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार को दबाया जा सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बीजेपी के राज में एक भी परीक्षा बिना धांधली के नहीं हो रही। इसलिए देश को शिक्षा मंत्री नहीं परीक्षा मंत्री की जरूरत है। जो पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं करा सके। अब बिहार, गुजरात, हरियाणा, यूपी और अब रांची में भी पेपर लीक की बात सामने आई है। मार्किंग का भी बहुत बड़ा इश्यू था, मार्किंग में गड़बड़ियां सामने आई हैं। ग्रेस मार्क्स किस आधार पर दिए गए यह अभी तक नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि मार्किंग में लीक की बात सामने आई, ये एक इंस्टीट्यूशनल धांधली है और मंत्री कह रहे हैं कि ये मोटिवेटेड है। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए।



# अब पार्कों में बच्चों के लिए बनाए जाएंगे प्ले स्टेशन

■ पंचकूला महापौर ने डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला द्वारा बच्चों के लिए पार्कों में खेलने के लिए प्ले स्टेशन बनाए जाएंगे। महापौर कुलभूषण गोयल ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के पार्कों में प्ले स्टेशन के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करके मंगलवार को होने वाली वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में लेकर आएं। प्ले स्टेशन का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल फोन से हटाकर पार्कों की तरफ आकर्षित करना है। महापौर ने बताया कि बच्चों की पार्कों में गतिविधियां बढ़ने से उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास होगा और वह खेलों में रुचि दिखाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर दो से ढाई करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है। वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में इस प्रोजेक्ट को अनुमति मिलने के बाद तकनीकी मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।वहीं पार्कों में नगर निगम द्वारा बैडमिंटन कोर्ट, ईपीडीएम ट्रैक भी बनवाए जा रहे हैं। बैडमिंटन कोर्ट को नगर निगम द्वारा स्लाट अलाट करके लोगों को खेलने के लिए दिया जा रहा है। रोजाना सुबह से रात तक इन कोर्ट की बुकिंग चल रही है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि शहर के पार्कों में बनाए गए ईपीडीएम ट्रैक और मल्टीपर्पज खेल स्टेडियम का लोगों का काफी लाभ मिल रहा है।

---

सनसनीखेज : फरीदाबाद में घर में दफन मिला लड़की का शव

# मां बोली- बेटी ने सुसाइड किया था बेइज्जती न हो इसलिए दफना दिया

**फरीदाबाद।** मां ने अपने भाई और भाभी के साथ मिलकर बेटी का शव घर में गड्ढा खोदकर दफना दिया। इसका खुलासा तब हुआ, जब सऊदी अरब में रह रहे मृतका के पिता ने पुलिस कमश्निर राकेश कुमार आर्य को ईमेल भेजकर बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने ईमेल मिलने के बाद धौज गांव के कल्लर मोहल्ला में रह रही ताहिर की पत्नी और भाई-भाभी को पूछताछ के लिए बुलाया तो खुलासा हुआ। महिला ने कहा कि बेटी ने आत्महत्या की थी। समाज में उनकी बेइज्जती न हो, इसलिए उसका शव दफना दिया। थाना धौज के प्रभारी शमशेर सिंह का कहना है कि युवती का शव कंकाल में बदल चुका था। उसे बाहर निकलवाकर बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस कमश्निर को भेजे ईमेल में ताहिर ने बताया कि वह पिछले लगभग 13 साल से सऊदी अरब में ट्रक ड्राइवर का काम कर रहा है। पत्नी को कॉल पर जब भी वह 17 साल की बेटी से बात कराने की बात कहता था तो वह बात नहीं कराती थी। हर बार वह कोई न कोई बहाना लगा देती थी। इस पर उसे शक हो गया। सऊदी अरब से ईमेल आने के बाद हरकत में आई पुलिस ने थाना धौज को यह ईमेल भेजकर इस मामले में गहनता से जांच करने के नर्दिश दिए। पुलिस टीम ने धौज गांव में ताहिर की पत्नी हनीफा बेगम, उसके बेटे नज्जि़ा, हनीफा के भाई जफरु और उसकी पत्नी रुखसाना से पूछताछ की तो सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ।

---

## फरीदाबाद मे अवैध शराब की खेप बरामद, चालक काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 85 की टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रहीश खान है जो मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के कुरेशीपुर गांव में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में शराब भरकर ले जाई जा रही है। सूत्रों की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने जाकर चेक किया तो सेक्टर-6 एरिया में यूपी नंबर का एक ट्रक दिखाई दिया जिसको चेक करने पर उसके अंदर काले रंग की तिरपाल से ढके हुए दो कार्टून में शराब भरी हुई थी। ट्रक से अंग्रेजी शराब की 346 पेटी बरामद की गई।

## परीक्षाएं रद होने से दबाव में विद्यार्थी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद सैलजा ने कहा कि बार-बार परीक्षाएं रद्द कर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। सरकार परीक्षार्थियों का मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से उत्पीड़न कर रही है। सरकार अपनी गलती को छुपाने के बजाए गलती पर गलती कर रही है। सरकार को परीक्षार्थियों के हक में कोई ठोस कदम उठाकर उनके साथ न्याय करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय की जंग में वे परीक्षार्थियों के साथ खड़ी हैं।

## नशीले पदार्थ के साथ युवक काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 56 की टीम ने नशे की तस्करी करने वाली महिला आरोपी को काबू किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार कि गई महिला का नाम मीनू पत्नी सुनील है जो फरीदाबाद के जीवन नगर पार्ट 2 की रहने वाली है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना मुजेसर एरिया से अवैध गांजे सहित काबू किया है। आरोपी महिला से 220 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि गांजा वह नंगला में बिहारी नाम के एक लडक़े से लेकर आई थी जिसकी जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी महिला के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

---

# कांग्रेस में बढ़ रही खींचतान, अब आरोप प्रत्यारोप में उलझे सैलजा और उदयभान

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़





आखिरकार प्रदेश कांग्रेस के सियासी दिग्गजों के बीच चल रही खींचतान और आरोप प्रत्यारोप का दौर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सिरसा सीट से सांसद और वरिष्ठ नेत्री कुमारी सैलजा की कार्यशैली पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद से लगातार बयानबाजी करने वाली सैलजा को नेतृत्व पर सवाल उठाने का कोई हक नहीं है, प्रदेश में कमजोर प्रत्याशी उतारने की जिम्मेदार सैलजा खुद हैं, क्योंकि चुनाव से पहले हुई बैठक के दौरान सैलजा खुद मौजूद रहीं थी। वे पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव भी हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हरियाणा उदयभान ने चंडीगढ़ में कहा कि सैलजा पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य भी हैं। वे उस वक्त बैठक में मौजूद थी, उसके बाद भी कांग्रेस के नेतृत्व और हाईकमान के फैसलों को लेकर सवाल करना ठीक नहीं है। वे आए दिन टीका टिप्पणी और बयानबाजी कर रहीं हैं। सैलजा वरिष्ठ नेता और प्रदेशों की प्रभारी भी हैं। इस तरह का कोई वरिष्ठ नेता बयानबाजी करे, तो निचले स्तर पर गलत संदेश जाता है।

### ये बोले प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि कुमारी सैलजा कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं, मेरे दायरे से बाहर हैं, उनको नोटिस देना मेरी पॉवर में नहीं हैं।

पार्टी का अध्यक्ष होने के नाते मेरी उनसे अपील है कि इस तरह के बयानों से पार्टी के कार्यकर्ता का मनोबल टूटता है। अगर उनको कोई शिकायत है, तो जाकर पार्टी हाईकमान से बातचीत करें। वहीं किरण चौधरी को पीसीसी चीफ ने विश्वासघाती बताया है, साथ ही कहा कि कोई भी विश्वासघाती चला जाए, तो बेहतर बात होगी। बाहर से हमारे पास 42 नेता आए हैं, जिसमें मौजूदा सांसद, विधायक पूर्व विधायक शामिल हैं इन लोगों से पार्टी को मजबूती मिली है। इसका परिणाम भी लोगों ने चुनाव के बाद देख लिया है।

प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश भरने और उन्हें विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रखने का प्रयास है। सरकार के खिलाफ बेरोजगारी महंगाई किसानों के मामलों को लेकर आम लोगों के बीच प्रचार किया जा रहा है।

### भाजपा कर रही होटलों में बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा की बैठकें पांच सितारा होटलों में होने लगीं हैं। सौ गज गरीबों को प्लाट देने की योजना हमारे वक्त की थी ,जिस पर अब भाजपा नंबर बनाने का काम कर रही है। चुनाव के ठीक पहले प्लाट देने और लोकसभा में हार के बाद में उन्हें याद आ गया कि गरीबों को प्लाट की योजना कांग्रेस की सरकार जाने के बाद में ठंडे बस्ते में डालने का नतीजा ठीक नहीं होगा।

### डैमेज कंट्रोल में जुटे नेता विपक्ष

किरण चौधरी के चले जाने के बाद से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान सिंह और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार डैमेज कंट्रोल में जुटे हुए हैं। नेता विपक्ष हुड्डा इस क्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जाकर पुराने नेताओं से मिल रहे हैं। पूर्व स्पीकर हरियाणा विधानसभा कुलदीप शर्मा के साथ मिलकर उनके भाजपा में जाने की चर्चाओं पर विराम लगा चुके हैं। इसके अलावा भी वे भाजपा की तैयारी को देखते हुए विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ता सम्मेलनों में जा रहे हैं।

---

# हाईवे खोलने को लेकर किसानों से मिले लोग किसानों का आरोप, स्टेज पर कब्जा करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

## शंभू बॉर्डर पर तनाव : मांगों को लेकर किसान कर रहे प्रदर्शन

शंभू बॉर्डर पर रविवार को 131 दिन से बंद नेशनल हाइवे खुलवाने की कसरत हुई। कारोबारियों के साथ कुछ आसपास के लोगों ने किसानों से हाइवे खोलने का आग्रह किया। हालांकि किसानों का आरोप है कि साजिश के तहत उन्हें हटाने का प्रयास किया गया। इसकी वजह से बॉर्डर पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। किसानों का आरोप है कि शरारती तत्वों ने साजिश के तहत इस हरकत को अंजाम दिया है जिसमें भाजपा व आप पार्टी के कई नेता भी शामिल है। दरअसल शंभू बॉर्डर पर रविवार को प्रदर्शन के लिए किसानों की ओर से मंच लगाया गया था। अचानक मंच के पास कुछ बाहरी लोग पहुंच गए। इन लोगों ने तुरंत शंभू बॉर्डर खोलने की मांग की। इसकी वजह से किसान भी तैश में आ गए। किसानों का आरोप है कि मंच तक पहुंचे लोगों का ताल्लुक भाजपा व आप पार्टी से है। विरोध करने वालों में कई आप विधायक के सहयोगी भी थे। हालांकि इन लोगों का कहना था कि उनका किसी पार्टी से कोई सरोकार नहीं है। वे आसपा के गांवों के लोग है। उन लोगों ने बताया कि शंभू बॉर्डर पर दोपहिया वाहनों की क्रॉसिंग को लेकर पहले भी किसानों को ज्ञापन दिया गया था। उस पर अभी तक कोई कोई प्रतक्रिया नहीं दी गई। इसी वजह से वे गांवों के लोगों व कुछ व्यापारियों के साथ एकजुट होकर शंभू बॉर्डर खोलने की मांग लेकर पहुंचे थे। स्टेज पर मौजूद किसान नेता बलदेव सिंह जीरा, सविंदर संह चूताला, जसवीर सिंह सद्धिपुर, जंग सिंह भटेड़ी, मान सिंह राजपुरा, करनैल सिंह लंग, गुरदेव सिंह गज्जू माजरा, गुरअमनीत सिंह मांगट, जसबीर सिंह पिंदी, सूरजभान फरीदकोट ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे अंबाला कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल बत्रा, सोनू तपेला, मिंटू राजगढ़, जैगोपाल भट्ठि वाला, दलबीर सिंह उर्फ बट्टि बाबा राजगढ़ की अगुआई में करीब 100 व्यक्तियों ने उनकी स्टेज पर कब्जा करने की कोशिश की। किसानों ने आरोप लगाया कि शंभू बॉर्डर पर पहुंचे लोग माइनिंग का धंधा करते हैं। घग्गर से रेत निकाल उसकी कालाबाजारी करते हैं। मोर्चा लगने के कारण उनका कालाबजारी का धंधा बंद है,जबकि किसानों के आसपास के समर्थकों ने स्पष्ट किया कि यहां इकट्ठे हुए लोग विभन्नि पार्टियों के समर्थक हैं। बता दें कि शंभू बॉर्डर पर किसान 13 फरवरी से प्रदर्शन कर रहे हैं। वह न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर दल्लिी कूच करना चाहते थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान किसानों व पुलिस और पैरा-मिल्ट्रीफोर्सेस के बीच तनाव भी हुआ। खनौरी बॉर्डर पर 21 फरवरी को युवा किसान शुभकरण सिंह गोली लगने से मौत हो गई थी।

### किसानों ने लगाया हमला करने का आरोप

शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने अंबाला होलसेल कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल बत्तरा पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किसानों पर हमला करने का आरोप लगाया। मोहड़ी ने कहा कि बत्तरा ने अपने गुंडों के साथ मिलकर किसानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि हाइवे हमने बंद नहीं किया। यह तो हरियाणा सरकार ने बंद किया है। हम तो सड़क किनारे बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहड़ी ने कहा कि विशाल बत्रा की इस हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंजाब पुलिस को इस पर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांग स्वीकार करती है तो वे एक मिनट से पहले रास्ते से हट जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

## खरबूजे तोड़ने पर दो बच्चों को बेरहमी से पीटा

**जींद।** गांव बिघाना खेत से खरबूजे तोड़ने पर खेत मालिक ने दो नाबालिग बच्चों की बेरहमी से पिटाई की। अलेवा थाना पुलिस ने बच्चों के अभिभावक की शिकायत पर खेत मालिक के खिलाफ मारपीट करने, 75 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाव बिघाना निवासी वेदपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका आठ वर्षीय बेटा तथा नौ वर्षीय भतीजा गांव के ही रविंद्र के खेत में खरबूजे लेन गए थे। उस दौरान रविंद्र खेत मे नही था। दोनों बच्चों ने खरबूजा तोड़ लिया। उसी दौरान रविंद्र भी खेत में पहुंच गया और दोनों बच्चों की बेरहमी से पिटाई की। जिसमें दोनों बच्चों को काफी चोटें आई। सूचना मिलने पर वे खेत में पहुंचे और दोनों बच्चों के रविंद्र की चंगुल से छुड़ा कर लाए।

## नौकर ने चोरी कर लिए 17 लाख रुपये

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपी भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बबलू तथा रिंकू का नाम शामिल है आरोपी उत्तर प्रदेश के आदलपुर गांव के रहने वाले हैं जिसमें आरोपी रिंकू अपने गांव में ही रहता था और आरोपी बबलू फरीदाबाद के सेक्टर 7ए में एक डॉक्टर के पास नौकरी करता था और उसके घर में तीसरी मंजिल पर रहता था। आरोपी बबलू ने डॉक्टर के घर से 17 लाख रुपए चोरी किए थे। मामले में पीड़ित डॉक्टर अपना क्लीनिक चलाते थे जहां पर आरोपी बबलू केयर टेकर और ड्राईवरी का काम करता था। आरोपी बबलू पिछले करीब 20 साल से डॉक्टर के यहां नौकरी करता था। डॉक्टर ने बताया कि उसने अपने मकान की अलमारी में 17 लाख रुपए रखे थे जो चोरी हो गए हैं।

# 'देवीलाल' परिवार की राजनीतिक रणस्थली बनेगा डबवाली हलका

सुभाष सेठी ▶▶ डबवाली

**हॉट सीट** | **विस चुनावों में आमने-सामने होंगे परिवार के सदस्य, जनसंपर्क तेज**

हरियाणा के पश्चिमी छोर पर स्थित डबवाली हल्का यूं तो सदैव हरियाणा की राजनीति में चर्चित रहता है, लेकिन इस बार जो नए समीकरण बन रहे हैं उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि डबवाली विधानसभा हलका अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की ऐसी हॉट सीट बनने जा रहा है जिसमें चौधरी देवीलाल परिवार के अधिकांश सदस्य आमने-सामने होंगे। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में यहां डॉक्टर केवी सिंह के बेटे अमित सिहाग ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ते हुए भाजपा के आदित्य देवीलाल को शिकस्त दी थी। अमित सिहाग और आदित्य देवीलाल एक ही कुनबे से ताल्लुक रखते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यदि कोई बड़ा राजनीतिक उल्टफेर नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी की तरफ से अमित सिहाग की टिकट लगभग तय है।

दूसरी ओर भाजपा के पास भी अभी तक आदित्य देवीलाल से अधिक सशक्त कोई उम्मीदवार दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे में दोनों ने ही अपने-अपने स्तर पर यहां राजनीतिक तैयारी शुरू कर दी है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी इन दोनों ही नेताओं ने अपने-अपने दल के लिए जी तोड़ मेहनत की। अब यदि अन्य राजनीतिक दलों की बात की जाए तो माना यह जा रहा है कि जजपा की ओर से युवा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला डबवाली हल्के से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से दिग्विजय सिंह चौटाला डबवाली हल्के से सक्रिय भी दिखाई दे रहे हैं। वैसे भी कुछ अर्सा पूर्व उन्होंने डबवाली क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं में अपना स्थान बनाने का प्रयास किया था।

दिग्विजय सिंह चौटाला के परिवार का डबवाली से मजबूत राजनीतिक रिश्ता रहा है। उनके पिता अजय सिंह चौटाला व उनकी माता नैना सिंह चौटाला डबवाली हल्के से विधायक रह चुके हैं। उन दोनों के चुनाव के समय भी दिग्विजय सिंह चौटाला यहां सक्रिय रहे। ऐसे में हल्के की पूरी जानकारी रखने वाले दिग्विजय सिंह चौटाला का अचानक यहां से तेजी से सक्रिय होना भी इस बात की संभावना को बल देता है कि वह डबवाली हल्के से पार्टी उम्मीदवार हो सकते हैं। यदि इनेलो की बात की जाए तो डबवाली हल्का वर्षों से इनेलो का गढ़ रहा है। हालांकि पिछले चुनाव व इस बार के लोकसभा चुनाव में इनेलो उम्मीदवार की डबवाली हल्के में परफॉर्मेंस बढ़िया नहीं रही। लोकसभा चुनाव में हालांकि इनेलो की परफॉर्मेंस जजपा से बेहतर थी,


विधायक अमित सिहाग


दिग्विजय चौटाला


आदित्य देवीलाल


कांता चौटाला

लेकिन जमानत बचाने में उनका उम्मीदवार भी कामयाब नहीं रहा। राजनीति के जानकारों का मानना है कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कई बार समीकरण बदल जाते हैं। ऐसे में उम्मीद यह की जा रही है कि अपना राजनीतिक गढ़ बचाने के लिए इनेलो इस बार डबवाली से किसी हैवीवेट उम्मीदवार को उतारेगी।

इस बात की भी प्रमुखता से चर्चा है कि अभय सिंह चौटाला की धर्मपत्नी कांता चौटाला भी डबवाली से विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। वैसे कांता चौटाला इस हलके से एक बार जिला परिषद का चुनाव लड़ भी चुकी हैं। राजनीतिक रूप से वह पिछले काफी समय से डबवाली हलके में सक्रिय भी दिखाई देती हैं।

अनेक सामाजिक व अन्य कार्यक्रमों में भी उनकी शिरकत देखी जाती है। ऐसे में यदि इंडियन नेशनल लोकदल की तरफ से उन्हें उम्मीदवार बनाया जाता है तो माना यह जा रहा है कि वह मजबूती से नए चुनावी समीकरण बनाएंगी। अभी तक के जो राजनीतिक हालात व स्थितियां यहां दिखाई दे रही हैं उसमें यह साफ हो रहा है कि किसी न किसी रूप से डबवाली में चौधरी देवीलाल परिवार के सदस्यों में ही आपसी चुनावी मुकाबले के समीकरण बनेंगे। हालांकि चुनाव की टिकट आवंटन के बाद यह सब कुछ साफ हो जाएगा, लेकिन एक बात तय है कि जो राजनीतिक स्थितियां है उसमें चाहे बात खुद जीतने की हो या फिर अपने उम्मीदवार को जिताने की आमने-सामने तो देवीलाल के परिवार के सदस्य जरूर दिखाई देंगे।

### 2019 में भाजपा को मिली थी बढ़त

डबवाली हलके के पिछले चुनाव परिणामों पर एक नजर दौड़ाई जाए तो पता चलता है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के किसी उम्मीदवार ने डबवाली में बढ़त हासिल की थी। यह बढ़त लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सुनीता दुग्गल को मिली थी। सुनीता दुग्गल ने डबवाली से 8662 मतों से अपने प्रतिद्वंदी अशोक तंवर को हराया था। इसी साल यानी कि 2019 में ही हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अमित सिहाग ने भाजपा उम्मीदवार आदित्य देवीलाल को 15600 से भी अधिक मतों से पराजित कर विधानसभा में दस्तक दी थी। इस बार लोकसभा चुनाव में आंकड़े कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दिए। कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी शैलजा को डबवाली हल्के में 34000 से भी 'याद्या मतों की बढ़त मिली। ऐसे में विधानसभा चुनाव जब निकट है तो यह आंकड़े कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाते हैं। इतने भारी अंतर को भेद पाना निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों के लिए एक चुनौती होगा।

# कैजुअल्टी मेडिकल अधिकारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी

- आरोपी ने फोन कॉल के बाद उन्हें व्हाट्सएप मैसेज भी भेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के कैजुअल्टी मेडिकल अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संयम जैन से रविवार को 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। आरोपी ने फोन कॉल के बाद उन्हें व्हाट्सएप मैसेज भी भेजे। उन्होंने इन मैसेज के प्रिंट आउट के साथ अपनी लिखित शिकायत गांव खानपुर कलां में ही स्थित थाने को की। पुलिस जांच कर रही है।

डॉ. संयम जैन महिला मेडिकल कॉलेज में 11:51 बजे अपने फ्लैट बी-17 पर थे। तब उनके मोबाइल फोन पर एक मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उनसे 50 लाख रुपए की फिरौती की खुली मांग की तथा उन्हें गालियां देनी प्रारंभ कर दी। सीएमओ का कहना है कि जब उन्होंने कॉल करने वाले को उसी की भाषा में जवाब दिया, तब उसने कॉल को डिस्कनेक्ट कर दिया। सीएमओ डॉ. संयम जैन का कहना है कि बाद में उन्हें आरोपी ने उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज भी भेजे। व्हाट्सएप मैसेज के साथ खानपुर कलां गांव स्थित थाने की पुलिस को लिखित शिकायत की जिसमें उन्होंने कहा कि आरोपी ने उनसे 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की है। सीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी।

## अंडर पास का शीघ्र निर्माण करने पर माने ग्रामीण, रेलवे ट्रैक को किया खाली

# धीमे निर्माण से खफा ग्रामीणों ने दिल्ली अमृतसर रेलवे ट्रैक दो घंटे किया जाम

### रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों के बैठने से रेलवे विभाग व पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

डोडाखेड़ी रेलवे अंडर पास के धीमे निर्माण से खफा ग्रामीणों ने रविवार को दिल्ली अमृतसर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। रेलवे ट्रैक पर बैठ कर ग्रामीणों ने रेलवे विभाग व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों के बैठने से रेलवे विभाग व पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेलवे प्रशासन के एक्सईएन शशि भूषण मनचंदा, आई डब्ल्यू जगदीश अरोड़ा, रेलवे जीआरपी एसएचओ ईशम सिंह, सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह, लाडवा एसएचओ नरेश कुमार, नायब तहसीलदार परमजीत सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक पर बैठे ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया।

ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को मना लिया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अंडर पास का निर्माण जल्द होगा और वैकल्पिक रास्ते खुले रहेंगे, ताकि ग्रामीणों को आने जाने में कोई दिक्कत ना हो। इसके बाद ग्रामीण रेलवे ट्रैक से उठ गए। अंडर पास का काम धीमा होने से खफा डोडाखेड़ी, हरियापुर, शादीपुर शहीदां, रतनडेरा, बहादुरपुरा के ग्रामीणों का सबर का बांध उस समय टूट गया, जब ग्रामीणों ने डोडाखेड़ी के पूर्व सरपंच मोहन लाल सैनी की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।


कुरुक्षेत्र। रेलवे ट्रैक पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मोहन लाल सैनी ने बताया कि 10 जनवरी 2023 को अंडर पास का काम शुरू हुआ था, जो कि दिसंबर 2023 में पूरा होना था, परंतु पिछले छह मास से कार्य बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को अपने खेतों व अन्य जगहों पर जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण सुच्चा, पंच सुखदेव सिंह, सतीश, दीप चंद, फूल सिंह, प्यारा सिंह, रामप्रताप, विनोद, बूटा सिंह, रामू सैनी, बाल किशन हरियापुर, श्याम लाल, नंबरदार जिले सिंह, अमरीक सिंह बहादुरपुरा, श्याम लाल रतनडेरा, रामचंद, धर्मेंद्र, राम सिंह, रसाला राम ने अंडर पास का काम धीमा होने पर रोष प्रकट करते हुए बताया कि रेलवे प्रशासन व ठेकेदार जानबूझ कर निर्माण कार्य में देरी कर रहे हैं, जिसमा खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

अंडर पास के निर्माण के आसपास गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे हादसे होने के खतरे बढ़ हैं। रात को ग्रामीण अपने खेतों में भी नहीं जा सकते। ऐसे में उनके लिए यह समस्या भारी पड़ रही है।

### रेलवे विभाग व ठेकेदार के खिलाफ की नारेबाजी

ग्रामीणों ने दिल्ली अमृतसर रेलवे ट्रैक को तकरीबन दो घंटे तक बंद रखा। रेलवे ट्रैक बंद होने से गाड़ियों का आवागमन भी रुक गया। ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर बैठकर रेलवे विभाग व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीण मांग कर रहे थे कि जब तक उनकी मांग नहीं सुनीं जाएगी वे रेलवे ट्रैक से नहीं उठेंगे।

### रेलवे ट्रैक जाम होने पर अधिकारियों में मचा हड़कंप

रेलवे ट्रैक जाम होने से रेलवे विभाग के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। रेलवे ट्रैक जाम होने की सूचना पर रेलवे विभाग के बड़े अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की अधिकारियों के साथ कई बार बातचीत हुई। ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे। अधिकारियों ने अंडर पास का निर्माण शीघ्र करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को मना लिया। उसके बाद ही ग्रामीण रेलवे ट्रैक से उठे।

# नशा तस्कर से 22 लाख रिश्वत वसूलने वाले पांच पुलिस कर्मचारी निलंबित

- आरोपियों में एक सब इंस्पेक्टर, दो हैड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल शामिल
- पांचों की विभागीय जांच शुरू, आरोप साबित होने पर पांचों पर भ्रष्टाचार एक्ट में केस दर्ज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के पुलिस कप्तान अजीत सिंह शेखावत ने नशा तस्करों के साथ मिलीभगत कर 22 लाख रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में पानीपत पुलिस की सीआईए-टू के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ, हैड कांस्टेबल उम्मेद व पुनीत और कांस्टेबल दीपक व मनदीप को जहां पद से निलंबित कर दिया, वहीं इनकी विभागीय जांच शुरू करवाई है। जांच की कार्यवाही पूरी होने पर आरोपियों पर भ्रष्टाचार एक्ट समेत अन्य आरोप में केस भी दर्ज करवाया जाएगा।

वहीं, सौरभ पहले एक मामले में भी पद से निलंबित चल रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पानीपत सीआईए-2 की टीम ने 9 मई को रोहतक जिला के गांव चिडी निवासी सुमित उर्फ मोनू को 1.20 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सीआईए-2 की टीम ने मामले में आरोपियों से लाखों रुपए वसूल लिए। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपने स्तर पर इसकी जांच कराई।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि सुमित उर्फ मोनू के साथ उसी के गांव का रविंद्र भी अफीम लेकर जा रहा था। उसके पास ढाई किलो अफीम थी। पुलिस ने उसे छोडने की एवज में 30 लाख रुपए में सौदा कर लिया और रविंद्र को छोड़ दिया। जबकि, सुमित को गिरफ्तार कर उससे अफीम की बरामदगी कम दिखाई। इसके बाद आरोपियों से पुलिस ने 22 लाख रुपए ले लिए, जबकि 8 लाख रुपए शेष थे। इसके बाद एसपी शेखावत के आदेश पर चिड़ी गांव निवासी आरोपी रविंद्र को 10 दिन बाद फिर गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में पूरा मामला पुलिस की जांच टीम के आगे बता किया।

इसके बाद एसपी शेखावत ने जहां सीआईए-टू के प्रभारी सौरभ, हैड कांस्टेबली उम्मेद व पुनीत और कांस्टेबल दीपक व मनदीप को जहां पद से निलंबित कर दिया, वहीं इनकी विभागीय जांच शुरू करवाई है। जांच की कार्यवाही पूरी होने पर आरोपियों पर भ्रष्टाचार एक्ट समेत अन्य आरोप में केस भी दर्ज करवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने उपरोक्त मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि पांचों की पुलिस विभागीय जांच रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पहले से सस्पेंड है एसआई सौरभ

चार मई को सीआईए-2 थाने का निरीक्षण करने जिला जज पहुंचे थे, लेकिन इस थाने का मुख्य गेट उनके लिए नहीं खोला गया। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी शेखावत ने सीआईए-टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ, सब इंस्पेक्टर जयवीर और मुंशी को निलंबित कर दिया था। जबकि, गेट पर तैनात एसपीओ को पुलिस की सेवा से बर्खास्त कर दिया था।

# घर की छत पर ले जाकर युवक को गोली मारी

- गंभीरावस्था में अस्पताल में दाखिल

**रेवाड़ी।** मुक्तिवाड़ा में एक युवक को छत पर ले जाकर उसके दोस्त के भाई ने गोली मार दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सिटी पुलिस ने हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सारिका ने बताया कि वह पांच बहने हैं। उसकी मां ने मामा का लड़का नितिश गोद लिया हुआ है, जो वह उनके साथ ही रहता है। नितिश रात के समय घर पर ही था। इसी दौरान गुर्जरवाड़ा निवासी उसके दोस्त का भाई विक्की घर पर आ गया। वह नितिश को किसी बहाने मकान की छत पर ले गया। वहां दोनों आपस में बातें कर रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। जब उसने आवाज लगाकर पूछा तो विक्की नितिश को गोद में उठाकर छत से नीचे ले आया। वह उसे बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसने उसे रोक दिया। नितिश खुन से लथपथ था। विक्की ने कहा कि वह छत से गिरकर घायल हुआ है। बाद में विक्की बाइक लेकर फरार हो गया। उसने अपने चचरे भाई बंटी के साथ नितिश को एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने बताया कि उसे गोली लगी है। वह अपने भाई को गुरूग्राम के एक निजी अस्पताल में ले गई, जहां उसका उपचार चल रहा है। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# खेत में बने टैंक से पानी लेने गए युवक का पैर फिसलने से मौत

- !आधे घंटे तक वापस न लौटने पर परिजनों ने देखा तो रह गए दंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा खंड के आधीन गांव बड़सी जाटान में एक युवक खेत में बने टैंक से पानी लेने गया था, जिसका वहां पैर फिसल गया और वह डूब गया, जिसको निकालकर हांसी के सामान्य अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बवानीखेड़ा के थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया जाएगा। गांव बड़सी के अमित के खेत में खीरे की फसल की बिजाई की हुई है और मजदूर काम पर लगे हुए थे।

खेत मालिक अमित के अनुसार खेत में फसल में पानी की पूर्ति के लिए पानी के स्टोर के लिए टैंक बनाया हुआ है।

टैंक की गहराई लगभग साढ़े ग्यारह फुट है व उसमें लगभग साढ़े आठ फुट पानी जमा है। रविवार को गांव बड़सी जाटान के गोगीराज का लगभग 19 वर्षीय पुत्र साहिल उर्फ सोनू लगभग 12 बजे पानी लेने गया और काफी समय तक वापस न आने पश्चात टैंक में देखा तो उसकी चप्पल पानी में तैर रही थी। मौके पर मौजूद सभी ने आवाजें देकर आपपास के लोगों को बुलाया और सोनू को टैंक से बाहर निकाला, जिसे हांसी के सामान्य अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पॉलिटेक्निकल का छात्र था मृतक



बताया जाता है कि मृतक साहिल उर्फ सोनू दो भाइयों से बड़ा था व नीलोखेड़ी में पॉलिटेक्निकल का छात्र था, जो छुट्टी होने के चलते परिजनों के साथ मिलकर खेत काम करवाने गया था। रविवार को खेत में बने पानी के टैंक से पानी लेने गया और वहां पैर फिसलने से डूब गया।

**उदासीनता** | केंद्र में चार हथिनियां चंचल, लक्ष्मी वन, लिली व लक्ष्मी टू कर रही हैं विचरण

# चौ. सुरेंद्र सिंह हाथी पुनर्वास केंद्र को दशक भर से नहीं मिला नर हाथी

- गर्मी की तपिश से बचाने के लिए हथिनियों को खिलाया जा रहा है तरबूज, केला और दलिया
- चंचल हथिनी चारों हथियिनों में है सबसे उम्रदराज

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के उत्तर छोर पर स्थित वन संतूर का चौ. सुरेंद्र सिंह हाथी पुनर्वास केंद्र में करीब एक दशक से नर हाथी नहीं मिला है। पूनर्वास केंद्र में चार हथिनियां विचरण कर रही हैं। जबकि केंद्र में गत वर्ष जून में मोती नामक 60 वर्षीय हथिनी की अचाकन मौत हो चुकी है। जिसके बाद अब पुनर्वास केंद्र में लक्ष्मी वन, चंचल, लिली व लक्ष्मी टू हथिनियां विचरण कर रही हैं। इन चारों हथिनियों में चंचल सबसे अधिक उम्रदराज 81 वर्ष की है। जिसका विशेष रुप से ख्याल रखा जा रहा है।

### इकलौता है प्रदेश का हाथी पुनर्वास केंद्र

हरियाणा सरकार द्वारा हाथियों के पुनर्वास के लिए वर्ष 2013 में वन संतूर में चौ. सुरेंद्र सिंह के नाम से हाथी पुनर्वास केंद्र बनाया गया था। यह पुनर्वास केंद्र प्रदेश का इकलौता हाथी पुनर्वास केंद्र है। उस समय पुनर्वास केंद्र में तीन हथिनियों को लाया गया था।

लक्ष्मी व चंचल को सोनीपत से व एक लिली नामक हथिनी को अंबाला से और लक्ष्मी टू को अन्य स्थान से लाया गया था। इसके बाद अप्रैल 2019 में दिल्ली से पकड़कर हथिनी मोती को पुनर्वास केंद्र में लाया गया था। मगर मोती हथिनी की 10 जून 2023 को मौत हो गई। जिसके बाद पुनर्वास केंद्र में अब लक्ष्मी, चंचल, लिली व लक्ष्मी टू नाम की हथिनी विचरण कर रही हैं। इन हथिनियों में सबसे ज्यादा उम्र की चंचल 81 वर्ष की है। वहीं, लक्ष्मी वन की उम्र 62 साल, लिली की उम्र 45 साल और सबसे कम उम्र की 40 वर्ष की लक्ष्मी टू हथिनी है। मगर अभी तक केंद्र में नर हाथी का आगमन नहीं हुआ है।





**यमुनानगर।** वन संतूर स्थित चौ. सुरेंद्र सिंह हाथी पुनर्वास केंद्र में बने तालाबों में अटखेलियां करती मादा हथिनियां। फोटो : हरिभूमि

### तालाबों में अटखेलियां करती हैं हथिनियां

वन संतूर के हाथी पुनर्वास केंद्र में हथिनियों के नहाने के लिए कच्चे व पक्के तालाब बना रखे हैं। खास बात यह है कि तालाब हमेशा पानी से लबा लब भरे रहते हैं। जिनमें चारों हथिनियां दिन भर अटखेलियां करती हैं। वहीं, शाम को हथिनियों को महावत की देखरेख में केंद्र परिसर में सैर करवाई जाती है।

### गर्मी से बचाने के लिए हथिनियों को खिलाया जा रहा तरबूज

रकेंद्र द्वारा मौसम में बढ़ती गर्मी से बचाने के लिए प्रत्येक हथिनी को 20 किलो तरबूज, पांच किलो केला व साढ़े सात सौ ग्राम दलिया, 250 ग्राम देशी घी, करीब 90 से सौ किलो प्रति हथिनी को हरा चारा के अलावा अन्य राशन दिया जा रहा है। चंचल को अतिरिक्त खुराक दी जा रही है। ताकि वह पूरी तरह स्वस्थ रह सके। हाथी पुनर्वास केंद्र में रोजाना पशु चिकित्सक हथिनियों के स्वास्थ्य की जांच करके उनकी सेहत का ख्याल करते हैं।

### रेसक्यू किए हाथियों को रखने के लिए बनाया पुनर्वास केंद्र

हाथी पुनर्वास केंद्र के केयर टेकर आशीष बतूरा ने बताया कि हाथी पुनर्वास केंद्र हरियाणा सरकार की एक परियोजना है। इसके तहत उन हाथियों को रखा जाता है जो रेसक्यू किए जाते हैं। जिनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया गया हो।



# एक जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से पेमेंट का सिस्टम, पड़ेगा जेब पर असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हर महीने की तरह जुलाई 2024 का महीना भी कई बड़े बदलाव लेकर आने वाले हैं। ऐसे में अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो ये आपकी जेब पर असर डाल सकता है। दरअसल, सात दिन बाद यानी 1 जुलाई 2024 से क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिये बिल पेमेंट में परेशानी आ सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्लेटफार्म शामिल हैं। आइए जानते हैं कि आरबीआई ने ऐसा क्या बदलाव किया है और इससे यूजर्स की जेब पर क्या असर पड़ने वाला है?

■ क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्लेटफार्म शामिल

## जुलाई से लागू होंगे आरबीआई के नए नियम, होंगे कई बदलाव

### क्या है भारत बिल पेमेंट सिस्टम

भारत बिल पेमेंट सिस्टम बिल पेमेंट का इंटीग्रेटेड सिस्टम है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है। यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई के अंतर्गत काम करता है। यूपीआई और रूपे की तरह बीबीपीएस को भी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बनाया है। भारत बिल-पे एक ऐसा इंटरफेस है, जो क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क, भीम, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे ऐप पर मौजूद है। इसके जरिए एक ही प्लेटफॉर्म पर सारे बिल का पेमेंट किया जा सकता है।




### कई बैंकों ने नहीं किया एक्टिवेट

केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई डेडलाइन के बाद भी अब तक कई ऐसे बड़े बैंक हैं जिन्होंने नए बदलाव के तहत अपने रूल चेंज नहीं किए हैं। आरबीआई के नए बदलाव के मुताबिक, अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट एक्टिव किया है। इसमें एसबीआई कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा कार्ड, कोटक महिंद्रा बैंक, फेडरल बैंक और इंडसइंड बैंक आदि नाम शामिल हैं.

### क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में हुआ बदलाव

जून का महीना खत्म होने वाला है और हफ्तेभर बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। इस बीच देश में कुछ बड़े बदलाव होने जा रहे हैं और इनमें एक बड़ा बदलाव क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले बिल पेमेंट्स से जुड़ा हुआ है। आरबीआई के मुताबिक, 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस के जरिए किए जाने चाहिए। उसके बाद से सभी को भारत बिल पेमेंट के माध्यम से बिलिंग करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### नए घरों की आपूर्ति 13 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** देश में आम चुनाव के कारण बिल्डरों ने कम संख्या में परियोजनाएं शुरू की हैं। ऐसे में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान नौ प्रमुख शहरों में नयी आवासीय इकाइयों की आपूर्ति में 13 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण फर्म प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी।आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-जून में नौ प्रमुख शहरों में नए घरों की आपूर्ति घटकर 97,331 इकाई रहने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,11,657 इकाई का था।

### एफपीआई ने शेयरों में 12,170 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

### बीआईआई करेगी 30 करोड़ डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट भारत के इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र पर बड़ा दांव लगा रही है। ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान बीआईआई के प्रबंध निदेशक एवं प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार प्रमुख अभिनव सिन्हा ने कहा कि हम भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र में अगले तीन साल में 30 करोड़ डॉलर का और निवेश करेंगे। बीआईआई ने महिंद्रा समूह की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई को अपना समर्थन दिया है।

### एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।

बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपए घट गई।



### बाजार पूंजीकरण

| कंपनी या बैंक | घटा-बढ़ा | कुल राशि |
|---|---|---|
| एचडीएफसी | +52,091.56 | 12,67,056.69 |
| आईसीआईसीआई | +36,118.99 | 8,13,914.89 |
| इन्फोसिस | +17,915.43 | 6,35,945.80 |
| रिलायंस | -32,271.31 | 19,66,686.57 |
| एलआईसी | -27,260.74 | 6,47,616.51 |
| आईटीस | -14,357.43 | 5,23,858.91 |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | -8,904.95 | 5,73,617.46 |
| टीसीएस | -8,321.6 | 13,78,111.45 |
| भारती एयरटेल | -7,261.72 | 8,04,262.65 |
| भारतीय स्टेट बैंक | -3,391.35 | 7,46,454.54 |

(नोट : राशि करोड़ रुपए में)

### वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सप्ताह के दौरान शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी सप्ताह के दौरान निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'इस सप्ताह, बजट से जुड़ी चर्चाओं के बीच क्षेत्र विशेष गतिविधियों की उम्मीद है। मानसून की प्रगति पर सभी की निगाह रहेगी। निकट अवधि में इससे निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है।'

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी



बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

## बीओबी ने रखा तकनीकी टीम को दोगुना कर 3,000 करने का लक्ष्य




एजेंसी ⏭ मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने अगले दो साल में अपने प्रौद्योगिकी कर्मचारियों की संख्या को दोगुना कर 3,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देवदत्त चंद ने एजेंसी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1,500 कर्मचारियों की मौजूदा टीम को नियमित भर्ती प्रक्रियाओं और सीधे विशेषज्ञ प्रतिभाओं की नियुक्तियों के जरिए बढ़ाया जाएगा।

चंद ने मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कहा, 'अगले दो वर्षों में हम अपनी आईटी टीम में लोगों की संख्या को दोगुना कर देंगे। उन्होंने कहा कि हाल में, भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रौद्योगिकी संरचना में कमी के लिए बैंकों पर सख्त कार्रवाई की है, जिससे लेनदेन को निष्पादित करने की क्षमता प्रभावित हुई है।

### जरूरतों के अनुसार नियुक्ति होगी: चंद

चंद ने कहा कि बैंक ने 1,500 नियमित कर्मचारियों के अलावा, आईटी कार्यों के लिए अनुबंध पर कर्मचारी भी रखे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक आईटी पेशेवरों की अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए मौजूदा जरूरतों के अनुरुप प्रतिभाओं को नियुक्त करना चाहता है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### एस्सार को अंतिम मंजूरियों का इंतजार

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में लगभग 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के एक शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी अब किसी भी समय मिल सकती है।

## इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग बढ़कर 240 अरब डॉलर होगी : सीआईआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और 'सब-असेंबली' की मांग 2030 तक पांच गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है। रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, "पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।



■ मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि कलपुर्जे शामिल हैं

### 51.6 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना

रिपोर्ट में बैटरी (लिथियम-आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल (एनक्लोजर आदि), डिस्प्ले और पीसीबी के घटकों और उप-संयोजनों को भारत के लिए उच्च प्राथमिकता के रूप में चिन्हित किया गया है, जो 2022 में घटकों की मांग का संचयी रूप से 43 प्रतिशत हिस्सा था और 2030 तक 51.6 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया, "इन घटकों का भारत में या तो नाममात्र उत्पादन होता है या फिर ये भारी मात्रा में आयात पर निर्भर होते हैं। प्राथमिकता वाले घटकों के आयात की इस प्रवृत्ति को बनाए रखना देश के हित में नहीं है।"

## सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के 'एक्स' खाते से छेड़छाड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आधिकारिक खाते से छेड़छाड़ की गई है। बैंक ने रविवार को अपने ग्राहकों से कहा है कि जब तक यह बहाल नहीं हो जाता, वे सोशल मीडिया हैंडल का इस्तेमाल न करें। बैंक ने बयान में कहा, केनरा बैंक सभी संबंधित लोगों को सूचित करना चाहता है कि बैंक के आधिकारिक 'एक्स' खाते के साथ छेड़छाड़ की गई है। सभी संबंधित टीमें मामले की जांच कर रही हैं और जल्द से जल्द केनरा बैंक के एक्स हैंडल तक पहुंच प्राप्त करने के लिए एक्स के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

भाषा ⏭ नई दिल्ली

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ''इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। जो कुल अनुमानित लागत का 51.3 प्रतिशत है।

## दीन दयाल गैस क्षेत्र के लिए भागीदार की तलाश...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन अब बंगाल की खाड़ी के केजी बेसिन में दीन दयाल गैस क्षेत्र को 'बचाने' के लिए भागीदारों की तलाश कर रही है। कंपनी इस क्षेत्र पर करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर चुकी है और सात साल में उसे काफी सीमित सफलता मिली है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी ने 12 जून को इस क्षेत्र में भागीदार के रूप में जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता वाली तथा वित्तीय रूप से मजबूत वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों से रुचि पत्र मांगे हैं।

### अदाणी को मिला सिर्फ 9.26 करोड़ रुपए का वेतन

**नई दिल्ली।** भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 9.26 करोड़ रुपए का वेतन (पारिश्रमिक) मिला है, जो उद्योग के उनके अन्य समकक्षों की तुलना में काफी कम है। अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि बंदरगाह-से-ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह की 10 में से केवल दो फर्मों से अदाणी (61) ने वेतन लिया। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से 2023-24 में उन्हें वेतन के रूप में 2.19 करोड़ रुपये और लाभ और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख रुपए प्राप्त हुए। एईएल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2.46 करोड़ रुपए का उनका कुल वेतन इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है। अदाणी का वेतन भारत के लगभग सभी बड़े परिवार के स्वामित्व वाले समूहों के प्रमुखों से कम है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5551




**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5550 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष्य | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |



## टी-20 विश्व कप: 9.4 ओवर में चेज किया 116 रन का टारगेट

# जोर्डन की हैट्रिक, बटलर के नाबाद 83 रन, इंग्लैंड शान से सेमीफाइनल में





**भाषा ⏭ ब्रिजटाउन**

गत चैम्पियन इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज क्रिस जोर्डन की हैट्रिक के बाद कप्तान जोस बटलर (नाबाद 83 रन) के तूफानी अर्धशतक से रविवार को यहां सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से रौंदकर शान से टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद जोर्डन की हैट्रिक और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका को 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दिया। बटलर की 38 गेंद में छह चौके और सात छक्के जड़ित आतिशी पारी से इंग्लैंड 9.4 ओवर में 117 रन बनाकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बनी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सॉल्ट और बटलर ने पहले दो ओवर संभलकर खेलने के बाद हाथ खोले। बटलर ने सात में से पांच छक्के हरमीत सिंह की गेंदों पर जड़े जिससे नौंवे ओवर में 32 रन बने। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने नाबाद 25 रन बनाये। मार्क वुड की जगह अंतिम एकादश में शामिल किये गये जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। बारबाडोस के क्राइस्टचर्च में जन्में 36 वर्षीय जोर्डन ने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित सभी चारों विकेट झटककर दिन अपने लिये यादगार बना दिया। वह इस तरह टी20 विश्व कप इतिहास में एक ओवर में चार विकेट झटकने वाले दूसरे गेंदबाज भी बने। आयरलैंड के कर्टिस कैम्फर ने अबुधाबी में टूर्नामेंट के 2021 चरण में नीदरलैंड के खिलाफ एक ओवर में चार विकेट झटके थे। जोर्डन ने पहले कोरी एंडरसन (29 रन) को आउट किया। अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। इसके बाद उन्होंने अली खान, नॉस्थुश और सौरभ नेत्रावलकर को लगातार गेंदों पर आउट कर इंग्लैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हैट्रिक बनायी। सैम करन (13 रन देकर दो विकेट) ने 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर हरमीत सिंह (21 रन, 17 गेंद) को आउट कर अमेरिका के लगातार विकेट गिरने का सिलसिला शुरू किया। इससे अमेरिका ने 115 रन के स्कोर पर छह गेंद में पांच विकेट गंवा दिये। आदिल ने 12 रन देकर दो विकेट चटकाये जबकि रीस टॉप्ले और लियाम ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

### अमेरिका-115/10 (18.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| स्टीवन टेलर का अली बो करन | 12 |
| एंड्रियस गौस का सॉल्ट बो टॉप्ले | 08 |
| नितीश कुमार बो राशिद | 30 |
| आरोन जोंस बो राशिद | 10 |
| कोरी का ब्रुक बो जोर्डन | 29 |
| मिलिंद का बटलर बो लिविंगस्टोन | 04 |
| हरमीत का जोर्डन बो करन | 21 |
| शाडले वान शाल्कविक नाबाद | 00 |
| अली खान बो जोर्डन | 00 |
| नॉस्थुश पगबाधा बो जोर्डन | 00 |
| सौरभ नेत्रावलकर बो जोर्डन | 00 |

अतिरिक्त : 01

कुल : 18.5 ओवर में 115 रन पर सभी आउट

विकेट पतन : 1-9, 2-43, 3-56, 4-67, 5-88, 6-115, 7-115, 8-115, 9-115

गेंदबाजी: रीस टॉप्ले 3-0-29-1, जोफ्रा आर्चर 3-0-16-0, सैम करन 2-0-23-2, आदिल रशीद 4-0-3-2, लियाम लिविंगस्टोन 4-0-24-1, क्रिस जोर्डन 2.5-0-10-4

### इंग्लैंड-117/0 (9.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट नाबाद | 25 |
| जोस बटलर नाबाद | 83 |

अतिरिक्त : 09

कुल : 9.4 ओवर में बिना विकेट गंवाये 117 रन

गेंदबाजी: सौरभ नेत्रावलकर 2-0-21-0, हरमीत 2-0-36-0, नॉस्थुश केनजिगे 2-0-19-0, अली खान 2-0-26-0, शाडले वान 1.4-0-15-0



# अफगानिस्तान ने सुपर-8 में आस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

**एजेंसी ⏭ किंग्सटाउन**

अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला। पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए और जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है। अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आए और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था। आस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।

### कमिंस की लगातार दूसरी हैट्रिक



आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद ह्रदय के विकेट लिए थे।

## खबर संक्षेप

### दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है ऑस्ट्रेलिया



**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

### ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी : कुलदीप

**ग्रोस आइलेट।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को



वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

### स्टार्क के घर में है टेनिस कोर्ट और स्वीमिंग पूल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कमाई के मामले में रोहित शर्मा और कोहली से पीछे नहीं है।



मिचेल स्टार्क की नेटवर्थ लगभग 300 करोड़ रुपए है। मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी के साथ नॉर्थ सिडनी में रहते हैं। यह आलीशान घर किसी भी शख्स का सपना है। उनके घर का नाम शेरलट पार्ख है। स्टार्क का यह घर 1.8 हेक्टर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस घर में घुड़सवारी करने की जगह है।

# रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य, विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के नाम चार पदक

**एजेंसी ⏭ अंताल्या**

धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता।

भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भगत महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गई। मिश्रित युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया।




### अंकिता 2-6 से हारी

*क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रहने वाली अंकिता ने सेमीफाइनल तक का सफर कर प्रभावित किया लेकिन यांग के खिलाफ दबाव के क्षणों में लय बरकरार नहीं रख सकी और 2-6 (26-30, 28-27, 26-27, 27-28) से हार गयी। कांस्य पदक मैच में अंकिता के सामने दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेजांद्रा वालेंसिया की चुनौती थी। वालेंसिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी को 3-7 (27-29, 26-27, 29-27, 29-29, 27-29) से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।*

### ओलंपिक में नहीं खेलेंगे लियोनल मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के विश्वकप विजेता फुटबॉलर लियोनल मेसी क्या अगले ओलंपिक में खेलते दिखाई देंगे? इस सवाल का जवाब मिल गया है। खुद मेसी ने स्पष्ट किया है कि वह इस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे। बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए दिग्गज फुटबॉलर ने कहा कि अब वो समय नहीं रहा कि वह हर टूर्नामेंट में खेल सकें। उन्होंने कहा कि अपने वर्कलोड को बहुत सावधानी के साथ मैनेज करने की जरूरत है। आठ बार बैलन डि ओर विजेता फिलहाल कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। अर्जेंटीनी टीम कोपा अमेरिका विजेता है और इस बार उसकी नजरें फिर से टूर्नामेंट में जीतने पर होंगी। कोपा अमेरिका टूर्नामेंट यूएस में 20 जून से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। लियोनेल मेसी 2008 के बीजिंग ओलंपिक्स में अर्जेंटीना के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

# रिचडर्स बोले- मेरी टीम नहीं जीती तो तुम्हारा साथ दूंगा

**एजेंसी ⏭ नॉर्थ साउंड**

भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में अब तक खेले सारे मैच जीते हैं। लगातार 4 जीत दर्ज करते हुए भारत ने सेमीफाइनल की टिकट लगभग पक्का कर लिया है शनिवार को बांग्लादेश को टीम इंडिया ने एकतरफा मुकाबले में हराया।

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने इस जीत के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा किया। वहां उन्होंने रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की



हौसलाअफजाई करेंगे। रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आए थे। उन्होंने कहा, 'बेहतरीन प्रदर्शन। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं।

## क्रिकेट

# आज भारत से हारने पर आस्ट्रेलिया होगा बाहर



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्रोस आइलेट**

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी।

■ टी-20 विश्व कप सुपर आठ

अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। अफगानिस्तान से रविवार की सुबह को हारी 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए।

आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है।

### वेस्टइंडीज-अफ्रीका के बीच 'करो या मरो' का मुकाबला

**नॉर्थ साउंड।** मेजबान वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। सुपर आठ चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जाएगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जाएगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रनरेट पर टिका होगा। दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी।

### भारत के चार खिलाड़ियों को फ्रांस में रिकॉर्ड 32 पदक

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।




लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल मलिक ने 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, क्रॉस कंट्री और चार गुणा 100 मीटर रिले में पांच स्वर्ण पदक जीते जबकि मेजर जॉर्ज ने विभिन्न स्पर्धाओं में चार स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किये।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में बढ़ाएगा सुरक्षा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैंपियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। यूएफा ने कहा, 'पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की जाएगी।' पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान शनिवार को चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गए थे।

*टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया*

# यूरो 2024 : बेल्जियम ने रोमानिया को हराया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलोन**

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने के लिए पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इस जीत के बाद अब ग्रुप ई की चारों टीमों के तीन तीन अंक है और बुधवार को उन्हें आखिरी ग्रुप मैच खेलना है।

## मंधाना शतक से चूकी, तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीती

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ किया

**एजेंसी ⏭ बेंगलुरु**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना-शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले।






## चिंतन

# विकास परियोजनाओं में धांधलियों पर लगे रोक

विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और देरी दोनों अक्षम्य हैं। बिहार में एक सप्ताह से भी कम समय में तीन निर्माणाधीन पुल ढहे हैं, कुछ ही महीनों में बिहार में सात पुल ढहे। पुल दर पुल का ढहना दर्शाता है कि निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल हुआ और जिम्मेदार लोग आंख मूंदे रहे। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार को एक निर्माणाधीन छोटा पुल ढह गया, जो राज्य में एक सप्ताह से भी कम समय में तीसरी ऐसी घटना है। इससे पहले मंगलवार को अररिया जिले में करीब 180 मीटर लंबा नवनिर्मित पुल ढह गया था। कमाल है कि करोड़ों के एस्टीमेट से पुल निर्माण के कार्य होते हैं, इसके बाद भी अगर पुल गिर जाय, तो पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आती है। कभी कभार किसी पुल का गिरना हादसा हो सकता है, लेकिन निर्माण के दौरान ही या निर्माण के तुरंत बाद पुल का गिर जाना भ्रष्टाचार होने को पुख्ता करता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शायद सख्त प्रशासन देने में नाकाम साबित हो रहे हैं, उनकी सरकार में लगातार पुलों का इस कदर गिरना, नीतीश शासन में उनकी नाक के नीचे पल रहे कदाचार का संकेत दे रहा है। बिहार सरकार को पुल समेत सभी विकास कार्यों की गहन समीक्षा करनी चाहिए, निर्माण की गुणवत्ता के लिए उच्च स्तर के पैरामीटर बनाने चाहिए, धांधली में लिप्त दोषियों के खिलाफ सजा सुनिश्चित करनी चाहिए। यूं पुल गिरते रहे, तो नीतीश सरकार की छवि भ्रष्ट सरकार की बन जाएगी। खास बात है कि बिहार में केंद्र सरकार की भी कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, अगर स्थानीय स्तर पर इनमें भी कदाचार बढ़ा तो इससे न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान होगा, बल्कि सड़क, पुल जैसे सार्वजनिक चीज प्रयोग करने वालों को भी जानमाल का नुकसान होगा। सड़क पुल जैसे विकास कार्यों में देश भर में कदाचार व्याप्त है। यह एक गंभीर मामला है, इसे सरकार को, निर्माण कराने वाली सरकारी एजेंसियों को गंभीरता से लेनी चाहिए। ऐसे ही बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 831 परियोजनाओं में से 245 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 188 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 831 परियोजनाओं में विलंब का औसत 35.1 महीने है। विकास परियोजनाओं का समय पर पूरा होना जरूरी है, इससे लागत बढ़ने के रूप में सरकार पर अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा। परियोजनाओं में देरी के पीछे भी भ्रष्टाचार एक कारण है। विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर नियम बनाने व लागू करने होंगे।

## दक्षिण अफ्रीका चुनाव

आर.के. सिन्हा



# भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाज़ुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाज़ुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस, डेमोक्रेटिक एलायंसऔर अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं। एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया, लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्त्रोत है। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी। अतः ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधान्मत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य फ्रीकी देशों से संबंध मजबूत करेगा।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



तीसरी अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए आर्थिक सुधार से हासिल होंगे लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ने के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ने के नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दौरान गठबंधन सरकार के सभी दलों के साथ समन्वय व सामंजस्य के नए प्रतिमान स्थापित करने के साथ आर्थिक सुधारों को जारी रखते हुए देश को आगे बढ़ाएंगे।

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ने के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत को यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं।

गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ने के नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगा। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूर्वानुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। इतना ही नहीं दुनिया में अगला दशक भारत का होगा। वैश्विक वृद्धि में भारत की भागीदारी करीब 20 प्रतिशत होगी। दुनियाभर में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई का लाभप्रद नया रिकॉर्ड बना है। जहां भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। ऐसे में भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है। पिछले दिनों दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद




की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही और अब अगले तीन साल में 7 फीसदी के करीब होगी।


निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार की वैश्विक आर्थिक अहमियत पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच एक बार फिर जी-7 के शिखर सम्मेलन में दिखाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी को इटली में आयोजित जी-7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली में जी-7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में जी-7 बैठक बेहतर वैश्विक मंच साबित हुई है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई प्रभावी बातें कहीं। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की भी मांग की साथ ही हरित युग को अपनाने की अपील की है। इस मौके पर उन्होंने दुनिया के प्रमुख नेताओं से जो द्विपक्षीय बातचीत की उसके भी अच्छे परिणाम दिखे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा रूस से युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिये हल करना ही बेहतर है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने इटली, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय वार्ताएं भी की। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। जी-7 सम्मेलन में कहा गया है कि खासतौर पर आईएमईसी को मूर्तरूप देने के लिए समन्वय और वित्तपोषण पर जोर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में पेश किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की बढ़ी अहमियत से चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में और अधिक उभरकर सामने आएगा। नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की संभावनाएं रखती है। निश्चित रूप से इस समय घटते हुए वैश्विक निर्यात और घटते वैश्विक व्यापार के बीच भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 776.68 अरब डॉलर रहा है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दौरान गठबंधन सरकार के सभी दलों के साथ समन्वय व सामंजस्य के नए प्रतिमान स्थापित करने के साथ आर्थिक सुधारों को जारी रखते हुए देश को आगे बढ़ाएंगे। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी महंगाई नियंत्रण और रोजगार वृद्धि को अधिक प्राथमिकता देते हुए एक ऐसी मजबूत सरकार को आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगे जो गरीब कल्याण व सामाजिक न्याय के ऊंचे प्रतिमानों से आम आदमी की मुस्कुराहट बढ़ा सकेगी। हम उम्मीद करें कि मोदी एक दृढ़तापूर्वक रणनीतिक प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उन्हें कार्यान्वित करने वाली ऐसी क्षमतावान सरकार को आगे बढ़ाएंगे जो भारत को 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा सकेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मज्ञान का अर्थ है जीवन को गहराई से जीना



संकलित

दर्शन

आत्मज्ञान का अर्थ है जीवन को गहराई से जीना, किसी भी परिस्थिति में तनाव में न आना, परिस्थितियों और स्थितियों से प्रभावित होने के बजाय उन्हें प्रभावित करने में सक्षम होना। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। अज्ञानता से छुटकारा पाना एक उपलब्धि है लेकिन आत्मज्ञान हमारा स्वभाव है। हमारा मन हमेशा इस बात पर केंद्रित रहता है कि हम क्या चाहते हैं और हम हर समय कुछ न कुछ पाने की चाह में व्यस्त रहते हैं। एक चाहत खत्म होने से पहले ही दूसरी आ जाती है, वे कतार में खड़े होते हैं! जब हम अपने मन की इसी प्रकृति पर विचार करते हैं, तो सवाल उठता है कि 'जीवन का उद्देश्य क्या है?' यही सवाल मनुष्य होने की निशानी है और यह हमारे अंदर मानवीय मूल्यों को जीवंत करता है। प्रश्न का उत्तर खोजने की जल्दी मत करो, प्रश्न के साथ रहो। प्रश्न अपने आप में एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा तुम अपने भीतर गहराई तक जा सकते हो। भीतर गहराई में हर कोई मुस्करा रहा है, लेकिन हम उस मुस्कान के संपर्क में नहीं हैं। उस मुस्कान के संपर्क में आना, सहज, सरल और मासूम होना ही आत्मज्ञान है। मनुष्य और ईश्वर अलग-अलग नहीं हैं। मनुष्य बाहरी त्वचा है, ईश्वर अंदर है और तनाव सबसे बाहरी आवरण है। मनुष्य ईश्वरीय और पाशविक प्रवृत्तियों के बीच की कड़ी है। यह दोनों के बीच एक पुल की तरह है, एक तरफ दैवीय गुणों का खिंचाव है और दूसरी तरफ पाशविक गुणों का।

# अहंकार व लोभ नहीं तो जीवन में होगी शांति



संकलित

प्रेरणा

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी, परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। समस्या सदा रहेगी। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय यहां बताते हैं। ये ठान लें आप कि धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से ही बात करेंगे, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोडक़र एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *गया साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### एक साथ आने का समय



यदि कभी एक साथ आने और जलवायु परिवर्तन पर काम करने का समय था - तो वह अब है। वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने और सबसे खराब जलवायु अराजकता से बचने की लड़ाई में 18 महीने महत्वपूर्ण हैं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### सबसे बड़ी खुशी



मेरी सबसे बड़ी खुशियों और सफलताओं में से एक है बचाए गए बाल श्रमिकों से नेता, परिवर्तन लाने वाले पैदा करना। अमरलाल हजारों में से एक है। बचाया गया एक बाल श्रमिक अब दूसरों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है- द बेटर इंडिया।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### प्राचीन धरोहर का संरक्षण करें



एकजुटता के साथ अपनी प्राचीन धरोहर, सांस्कृतिक प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। अत्यन्त गौरवशाली वास्तुकला, समष्टि मांगल्य निमित्त समर्पित सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आएं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### भाजपा नेता से जुड़े तार



पेपर लीक पर चर्चा, स्कूल की कहानी सुने बिना अधूरी है। यहीं से एक साथ 6 बच्चों के 720/720 अंक आये थे। अब सुनिए कैसे वहां ग़लत पर्चे बंटे, कैसे कुछ ही बच्चों को ग्रेस मार्क मिले और कैसे इस स्कूल के तार सीधे सीधे भाजपा नेता से जुड़े हैं।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर


# बिना 'हाथ लगाए' ताइवान को दबोच लेगा चीन..!



चीन और ताइवान के बीच तनातनी अब नया मोड़ लेती दिख रही है। चीन अपने सैन्य बल का डाइरेक्ट इस्तेमाल किए बिना ही ताइवान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की रणनीति अपनाता रहा है जो बेहद खतरनाक प्रतीत हो रही है! अमेरिका हमेशा से ताइवान का पक्ष लेता रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चीन के साथ ताइवान के आर्थिक संबंधों के चलते चीन के इन कदमों से इंटरनेशनल रिलेशन्स और वैश्विक व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। इस रणनीति से चीन ताइवान को दुनिया से पूरी तरह काटेगा नहीं बल्कि ताइवान के समुद्री और हवाई कॉमर्स पर कंट्रोल करने लग सकता है। खान पान और दवा जैसी आवश्यकताएं ताइवान को मिलती रहेंगी जिससे चीन यह दावा कर सकेगा कि किसी तरह की कोई परेशानी है ही नहीं। मगर वह कुछ खास सेगमेंट की सप्लाई रोकेगा जैसे कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की शिपमेंट वगैरह। वाशिंगटन के थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच कायम समुद्री सीमा में तनाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है क्योंकि चीन ताइवान के खिलाफ क्वारंटाइन स्ट्रेटिजी अपना रहा है जिसके तहत ताइवान को अलग-थलग करने की रणनीतिक कोशिश साफ सामने है।

## ऑफ बीट

# मौसम की सटीक भविष्यवाणी करता है उप्र का यह मंदिर



भारत के उत्तर प्रदेश के एक शहर में भगवान जगन्नाथ का ऐसा मंदिर स्थापित है, जो सालोंसाल से मौसम की भविष्यवाणी करता आ रहा है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले की घाटमपुर तहसील के बेहदा बुर्जुग गांव में स्थित है। इस रहस्यमयी मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को क्रूर मुगलों के आतंक से बचा लिया गया था। यहां के निवासियों की मानें तो यह मंदिर 4200 साल पुराना है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसमें मौसम के बदलाव की जानकारी मिल जाती है। यह मंदिर इस बारे में भी बताता है कि बारिश कम होगी या फिर अच्छी होगी। मानसून आने से 15 दिन पहले ही यहां भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के ऊपर बना गुंबद अंदर से पानी की बूंदे टपकाने लगता है। इन बूंदों से ही यह अनुमान लग जाता है कि कितनी बारिश होगी। अगर दीवार में बूंदें दिखाई देने लगती हैं तो इसका अर्थ है बारिश ठीक-ठाक ही होगी। अगर बूंदें नीचे गिरना शुरू हो जाती हैं तो इसका अर्थ है कि झमाझम बारिश होगी। पुरातत्व विभाग ने कार्बन डेंटिंग के माध्यम से इस मंदिर के इतिहास का पता लगाने की कोशिश की तो पता चला कि यह मंदिर करीब 4000 साल पुराना है। यहां पर पहले घन जंगल हुआ करता था। यहां पर कोल-भील कम्युनिटी के लोग रहा करते थे।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### 3-4 जुलाई को अस्ताना में होगा शिखर सम्मेलन का आयोजन

# एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे पीएम मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के शामिल होने की उम्मीद है। बता दें कि मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने पहले ये कंफर्म किया था कि वो एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाएंगे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर वहां सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल, एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके मेंबर हैं। जानकारी के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस समिट में पहुंचेंगे। ऐसे में मोदी के शामिल नहीं होने से भारत पर कई तरह के सवाल खड़े होंगे। शुक्रवार को जब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से एससीओ में मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

*इधर भारतीय संसद का सत्र भी 3 जुलाई तक आहूत किया जा रहा है, इसलिए बनी स्थिति*



पिछले साल उज्बेकिस्तान में हुआ था एससीओ शिखर सम्मेलन (फाइल फोटो)

### संसद का सत्र बना कारण

पीएम मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

### चीन-पाक पर लगाम, सेंट्रल एशिया पर नजर, भारत के लिए जरूरी

- एससीओ भारत को आतंकवाद से लड़ाई और सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखने के लिए एक मजबूत मंच उपलब्ध कराता है।
- एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एससीओ को लेकर भारत की तीन प्रमुख पॉलिसी हैं
- रूस से संबंध मजबूत करना
- पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान के दबदबे पर लगाम और जवाब देना
- सेंट्रल एशियाई देशों के साथ सहयोग बढ़ाना
- एससीओ से जुड़ने में भारत का एक प्रमुख लक्ष्य इसके सेंट्रल एशियाई रिपब्लिक यानी -सीएआर के 4 सदस्यों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान से आर्थिक संबंध मजबूत करना है।
- इन देशों के साथ कनेक्टिविटी की कमी और चीन के इस इलाके में दबदबे की वजह से भारत के लिए ऐसा करने में मुश्किलें आती रही हैं।
- 2017 में एससीओ से जुड़ने के बाद इन सेंट्रल एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार में तेजी आई है। 2017-18 में भारत का इन चार देशों से व्यापार 11 हजार करोड़ रुपए का था, जो 2019-20 में बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया।
- भारतीय सरकारी और प्राइवेट कंपनियों ने इन देशों में गोल्ड माइनिंग, यूरेनियम, बिजली और एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट्स में निवेश भी किया।
- सेन्ट्रल एशिया में दुनिया के कच्चे तेल और गैस का करीब 45% भंडार मौजूद है। इसलिए भी ये देश भारत की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए आने वालों सालों में अहम हैं।

### मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

# मतदाता का आभार और 'एक पेड़ मां के नाम' शुरू

देशभर में पार्टी निकालेगी यात्रा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद भी भाजपा देशभर में एक और यात्रा निकाल रही रही है। हालांकि इस बार यह यात्रा थोड़ी अलग है। भाजपा 'मतदाता अभिनंदन यात्रा' के जरिए लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए देशभर के मतदाताओं को धन्यवाद देगी। भाजपा इस यात्रा के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन करने जा रही है और इसके लिए पार्टी ने पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है। मतदाताओं का आभार जताने के लिए भाजपा इस यात्रा के दौरान जगह-जगह अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। पार्टी ने इस यात्रा के लिए सुनील बंसल को प्रभारी बनाया है। मंत्रियों के लिए भी भाजपा स्वागत समारोह आयोजित करेगी।

### शिवराज-हिमंता रांची पहुंचे

रांची। भाजपा ने झारखंड चुनाव की तैयारी को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए झारखंड दौरे पर हैं। भाजपा ने शिवराज सिंह को झारखंड चुनाव का प्रभारी और हिमंता बिस्व सरमा को सह-प्रभारी बनाया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रदर्शन की समीक्षा भी करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। दोनों ने पार्टी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लीची बागान में पौधे रोपे।

### समुद्र की निगरानी होगी अचूक

# दुश्मनों की खैर नहीं, 4 तापस ड्रोन खरीदेगी भारतीय नौसेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना देश के भीतर बने वेपन सिस्टम को लगातार बढ़ावा देने में जुटी है। इसी कड़ी में नेवी अब डीआरडीओ की ओर से निर्मित 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देने को तैयार है। नौसेना समुद्री क्षेत्र पर निगरानी के लिए इन ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया, 'भारतीय नौसेना चार तापस ड्रोन का ऑर्डर देने जा रही है।



***28,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब***

*तापस ड्रोन का ट्रायल रक्षा बलों की ओर से किया गया है। इन परीक्षणों के दौरान वे 28,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब रहे और 18 घंटे से अधिक समय तक उड़ सकते थे।*

# चीन से झड़प के बाद फिलीपीनी नौसैनिकों ने कहा-नहीं हटेंगे पीछे

एजेंसी ▶▶ मनीला

दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी से फिलीपींस अब तंग आ चुका है। एक दिन पहले दोनों देशों के नौसैनिकों में दक्षिण चीन सागर में तेज भिड़ंत हुई है। इसके बाद हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति बन गई है। इस बीच फिलीपीन के राष्ट्रपति ने आज रविवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। इसके साथ यह भी कहा कि फिलीपीनी सैनिक दक्षिण चीन सागर से पीछे नहीं हटेंगे। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा कि अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं बनता है।



***चीन ने किया था हमला***

*सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी।*

### श्रीलंका में 18 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया।

### चिनैनी के जंगलों में दिखे संदिग्ध, इलाका घेरा

**जम्मू।** जम्मू संभाग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप के समीपवर्ती चिनैनी के करलाह के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षा कर्मियों तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई। जम्मू संभाग में रविवार को दो जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अन्य इलाकों में भी आतंकियों की तलाश में अभियान चल रहा है।

### नासा का दावा 2038 तक टकराने की संभावना

# सावधान! धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है डरावना ऐस्टरॉइड


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक खतरनाक क्षुद्रग्रह यानी ऐस्टरॉइड के पृथ्वी से टकराने की प्रबल सांभावना है। नासा ने कहा है कि संभावित रूप से खतरनाक क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना है। नासा ने इसके साथ ये भी कहा है कि हम इसे रोकने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हो सकते हैं। असल में ऐस्टरॉइड या क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े होते हैं। चार मीटर व्यास वाले लगभग आधा अरब ऐस्टरॉइड सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं।



**कब धरती से टकरा सकता है ऐस्टरॉइड**

वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में ग्रह रक्षा अधिकारी एमेरिटस लिंडले जॉनसन ने कहा, एक बड़ा ऐस्टरॉइड प्रभाव संभावित रूप से प्राकृतिक आपदा है, जिसके बारे में इंसान के पास वर्षों पहले भविष्यवाणी करने की तकनीक तो है लेकिन इसे कैसे रोका जाए, इसपर खोज करने की जरूरत है।






## खबर संक्षेप

### अकाली नेता ने मां-बेटी व डॉग सहित खुद को उड़ाया



**बरनाला।** पंजाब के बरनाला की राम राज्य कॉलोनी में शनिवार शाम को एक अकाली नेता ने अपनी 85 वर्षीय मां बलवंत कौर, 21 वर्षीय बेटी निमरत कौर की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुन कर जैसे ही पालतू डॉग भौंकने लगा तो डॉग को भी एक गोली मार दी। उसने करीब तीन मिनट बाद एक गोली खुद को मारकर आत्महत्या कर ली।

### नोएडा की बुजुर्ग महिला से ठगे 1.3 करोड़ रुपये

**नोएडा।** साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जहां 73 साल की बुजुर्ग महिला को साइबर ठगी का शिकार बनाया है। इसमें महिला के साथ 1.3 करोड़ रुपए की ठगी हुई है। यहां महिला ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई गंवा दी। महिला को 5 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और किसी से बातचीत नहीं करनी दी। ये कई लोगों को बड़ी चालाकी के साथ लूट लेते हैं।

### पुणे में पेड़ से टकराई बस, 25 लोग घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में यात्रियों से भरी एक बस पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में लगभग 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ये हादसा एक ट्रक से टक्कर से बचने की कोशिश में हुआ। पुणे राज्य परिवहन की बस सोलापुर जिले में पंढरपुर से मुंबई जा रही थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना दौंड तहसील के यवत के पास सहजपुर गांव के पास हुई। 3-4 यात्रियों को चोटें आई हैं।

### इंदौर में भाजयुमो नेता की गोली मारकर हत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की इंदौर इकाई के पदाधिकारी की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एमजी रोड थाना क्षेत्र में भाजयुमो शहर इकाई के उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे (35) की दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

## अगले माह शहीद के बेटे अशहर का पहला जन्मदिन

# पोते को देखता हूं तो मुझे बेटे हुमायूं की याद आती, पिता के छलके आंसू

भाषा ▶▶| श्रीनगर



पिछले साल 13 सितंबर आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में 13 सितंबर, 2023 को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में बहादुर पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट शहीद हो गए थे। आखिरी सांस लेते वक्त भी हुमायूं द्वारा अपने पिता से कहे गए आखिरी शब्द शांत और आश्वस्त करने वाले थे, जो आज भी उनके कानों में गूंजते हैं। हुमायूं ने अपने पिता एवं जम्मू-कश्मीर पुलिस के सेवानिवृत्त महानिरीक्षक गुलाम हसन भट से फोन पर कहा था, ''मुझे गोली लगी है... कृपया घबराएं नहीं।'' यह काला दिन पिछले साल 13 सितंबर का था। हुमायूं ने दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग से अपने पिता को फोन किया था और केवल 13 सेकंड तक बात की थी। उस समय आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ चल रही थी, जिसमें चार सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। आज अपने पोते अशहर के पहले जन्मदिन से एक महीने पहले गुलाम भट को अपने बेटे की याद आ रही है, जो बहुत जल्द ही उन्हें छोड़कर चले गए। जब वह अपने पोते को देखते हैं तो उन्हें अपने बेटे की ये यादें और भी मजबूत महसूस कराती हैं। नन्हा बच्चा कभी भी अपने पिता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा। गुलाम हसन भट ने कहा कि जब मैं अशहर को घुटने के बल चलते हुए देखता हूं तो मुझे अपने बेटे हुमायूं की याद आती है। काश हुमायूं लंबे समय तक हमारे बीच रह पाता। अगले महीने अशहर का पहला जन्मदिन है। यह दुर्भाग्य है कि बेटा इतना भी नहीं जी पाया कि वह यह दिन भी देख सके।

### पापा मुझे गोली लगी है कृपया घबराएं नहीं...

भट के पिता ने पुलिस विभाग में 34 साल तक सेवाएं दी। उन्होंने अपने बेटे से आखिरी बार फोन पर की गई बात के बारे में विस्तार से बताया, जो हमेशा उनकी याद में रहेगा। पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट ने 13 सितंबर को सुबह करीब 11 बजकर 48 मिनट पर अपने पिता को आखिरी बार फोन किया था। हुमायूं ने कहा, ''पापा मुझे गोली लगी है। मेरे पेट में गोली लगी है और फिर कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने कहा कि कृपया घबराएं नहीं।'' इसके बाद फोन कट गया, लेकिन अपने बेटे से हुई इस 13 सेकेंड की बात से वह घबरा गए।

## जम्मू में पासिंग आउट परेड



### जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद आखिरी सांस ले रहा: सिन्हा


**रियासी/जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। रियासी के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा कि हमें आतंकियों और उन्हें आश्रय देने वाले सहयोगियों का पता लगाना चाहिए।

# नीट 'घोटाले' को लेकर सियासत गर्म, आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज

एजेंसी/ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

> नीट-यूजी में अनियमितताओं के बाद एनटीए में फेरबदल को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए।

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की नौकरशाही में फेरबदल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को एक स्वायत्त निकाय बताया गया, लेकिन असल में इसे भाजपा/आरएसएस के कुटिल हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। नौकरशाही में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद की गई शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, ₹पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया हमारी शिक्षा प्रणाली में घुस गया है। देर से की गई इस कवायद का कोई नतीजा नहीं निकलेगा, क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं।



### शिक्षा व्यवस्था को 'माफिया' के हवाले कर दिया: प्रियंका गांधी

*कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को ''माफिया'' और ''भ्रष्टाचारियों'' के हवाले कर दिया है। प्रियंका ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'नीट-यूजी' परीक्षा का प्रश्नपत्र ''लीक'' हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट ''रद्द'' कर दिए गए।*

### माकपा ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

*मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों और परीक्षाएं रद्द किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।*

### राहुल गांधी बोले

#### अब नीट-पीजी भी स्थगित!

*नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की आलोचना करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेपर लीक गिरोह और शिक्षा माफिया के आगे बेबस हैं। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अब नीट-पीजी भी स्थगित! यह नरेंद्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए 'पढ़ाई' नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से 'लड़ाई' लड़ने को मजबूर हैं। अब यह स्पष्ट है- हर बार चुपचाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक गिरोह और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं।₹ उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की अक्षम सरकार छात्रों के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है- हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा।*

### परीक्षा को स्थगित करना केंद्र सरकार की नाकामी

*मुंबई(भाषा) शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) ने दावा किया कि नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को स्थगित करना केंद्र सरकार की 'नाकामी''है और उसने सरकार पर अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने दावा किया, ''अपना काम नहीं कर पाने के कारण सरकार बच्चों की जिंदगियों और भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।''*

### अक्षम प्रणाली के ताबूत में 'आखिरी कील'

*चेन्नई (भाषा)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को कहा कि नीट-पीजी और यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करना एक बार की घटना नहीं है, बल्कि यह केंद्रीकृत चयन की अक्षम और खस्ताहाल प्रणाली के ताबूत में आखिरी कील है।*



*स्टालिन की पार्टी द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सामाजिक न्याय के अलावा अन्य आधारों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) का विरोध करती रही है। उन्होंने स्कूली शिक्षा को करियर का आधार बनाने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान किया।*



**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी जिले में रविवार निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया। इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप उठने लगे हैं।

## बिहार: सप्ताह से भी कम समय में तीसरा निर्माणाधीन पुल ढहा

भाषा ▶▶| मोतिहारी

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार को एक निर्माणाधीन छोटा पुल ढह गया, जो राज्य में एक सप्ताह से भी कम समय में तीसरी ऐसी घटना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मोतिहारी के घोड़ासहन प्रखंड में हुई, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

उन्होंने बताया कि अमवा गांव को प्रखंड के अन्य क्षेत्रों से जोड़ने के लिए राज्य के ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा नहर पर 16 मीटर लंबा पुल बनाया जा रहा था। इसे 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था। आरडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया, घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। यह एक गंभीर मामला है और विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि घटना के सही कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने 'को बताया कि ऐसी खबरें हैं कि स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने शुरू में पुल के कुछ खंभों के निर्माण पर आपत्ति जताई थी। पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है।

### 1.5 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा था

- *शनिवार को सीवान जिले में एक छोटा पुल ढह गया था*
- *मंगलवार को अररिया में 180 मीटर लंबा नवनिर्मित पुल ढहा था।*

## माया ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी




**लखनऊ (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने करीब डेढ़ माह बाद अपना फैसला पलटते हुए रविवार को अपने भतीजे आकाश आनन्द को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक का दायित्व सौंपते हुए उन्हें फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। इसके पहले लोकसभा चुनाव के बीच में ही सात मई को उन्होंने आकाश आनन्द को अपरिपक्व करार देते हुए इन दायित्वों से मुक्त कर दिया था। यहां बसपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को राष्ट्रीय स्तर की बैठक आयोजित की जिसमें केंद्रीय पदाधिकारियों के अलावा राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

## नीतीश के बेटे निशांत सियासत में करेंगे एंट्री?

**मुजफ्फरपुर।** जनता दल यूनाइटेड की मुजफ्फरपुर इकाई ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक बड़ी मांग कर दी है। पार्टी नेताओं की यह मांग पार्टी अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार की टेंशन बढ़ा सकती है।

मुजफ्फरपुर जदयू के नेताओं ने इमलीचट्टी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने की।

## पुणे में अब विधायक के भतीजे ने बाइक को रौंदा,एक की मौत

**पुणे।** पुणे जिले में पोर्श कार एक्सीडेंट की घटना एक बार फिर ताजा हो गई है। यहां फिर तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया है। अंबेगांव तालुका में एक फॉर्च्यूनर कार चालक ने दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों को कुचल दिया। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया गया है कि कार चालक मयूर विधायक दिलीप मोहिते पाटिल का भतीजा है। मोहिते पाटिल एनसीपी के विधायक हैं। दिलीप मोहिते पाटिल खेड़ आलंदी सीट से विधायक हैं।

## नीट-यूजी परीक्षा पर मचे विवाद के बीच शिक्षा विशेषज्ञों ने विशेष बातचीत में कहा

# एनटीए को मिले पूर्ण स्वायत्तता, ऑनलाइन हो परीक्षाएं

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

नीट-यूजी परीक्षा लीक मामले पर चौतरफा मचे घमासान के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर सीबीआई ने अपनी जांच शुरू कर दी है। उच्च स्तरीय समिति के गठन के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटाकर उनकी जगह पर आईटीपीओ के अध्यक्ष व एमडी प्रदीप सिंह खरोला को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है।

लेकिन एनटीए और उसकी कार्यप्रणाली गंभीर सवालों के घेरे में है। इन सबके बीच शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हरिभूमि द्वारा विवाद पर पूछे गए कुछ प्रश्नों के जवाब में कहा कि नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-नेट जैसी परीक्षाओं को लेकर जिस तरह के हालात बीते कुछ दिनों में देश में बने हैं। उससे छात्रों और अभिभावकों के मन में भविष्य को लेकर उठ रही चिंताएं बिल्कुल जायज हैं।

### पेन और पेपर के जरिए किया गया परीक्षा का आयोजन जिम्मेदार

एनटीए के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में पूर्व सचिव (उच्च-शिक्षा विभाग) आर.सुब्रमण्यम ने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा मामले में हुई गड़बड़ी के लिए पेन और पेपर के जरिए किया गया परीक्षा का आयोजन जिम्मेदार है। इसे ऑनलाइन ही करना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि एनटीए के गठन के वक्त जब परीक्षाओं को ऑनलाइन करने की चर्चा हो रही थी। तब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात पर अड़ा हुआ था कि नीट-यूजी परीक्षा पेन-पेपर से ही होगी। उनके अड़ियल रवैये की वजह से ही हम इसे ऑनलाइन मोड में कराने की व्यवस्था नहीं बना सके। जबकि दूसरी ओर इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा जेईई ऑफलाइन से ऑनलाइन हो गई।उन्होंने कहा, वर्तमान में एनटीए के पास स्वायत्तता तो है लेकिन सचिव बोर्ड का सदस्य है और उसकी नियुक्ति सरकार करती है। ऐसे में एजेंसी पर कुछ हद तक केंद्र का नियंत्रण रहता है। लेकिन इसकी पूर्ण कमान नौकरशाह से लेकर अकादमिक व्यक्ति को नहीं दी जा सकती है। क्योंकि परीक्षाएं कराना प्रशासनिक कार्य है न कि अकादमिक। हां, प्रश्न पत्र तैयार करना अकादमिक कार्य है।

### अत्यधिक खर्च के चलते नहीं बने एनटीए के केंद्र

सुब्रमण्यम ने बताया कि एजेंसी के गठन के दौरान एक प्रस्ताव यह भी था कि एनटीए के देशभर में अपने अलग परीक्षा केंद्र होंगे। जिनमें ये समय-समय पर विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन करेंगी। लेकिन चर्चा के दौरान इस पर आने वाले अत्यधिक खर्च और देखभाल के मामले के सामने आने पर उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी सकी। नीट जैसी व्यापक परीक्षा का जेईई की तरह दो बार या उससे अधिक बार आयोजन करना चाहिए। पेन-पेपर दो-दो बार परीक्षा नहीं हो सकती है। क्योंकि उसमें कीमत और गड़बड़ी का बड़ा खतरा रहता है।

### एनटीए के पुनर्गठन से मिलेगी राहत

इग्नु में प्रोफेसर और एनआईओएस के पूर्व अध्यक्ष प्रो.सी.बी शर्मा ने कहा कि एनटीए को बंद करने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। हां, इतना जरूर है कि जब इसका गठन किया गया था। तब किसी ने ये नहीं सोचा था कि इसके पास आने वाले समय में इतना ज्यादा काम होगा। यह मामला फिलहाल उच्च स्तरीय समिति देखेगी। उसकी सिफारिशों के आधार पर इसके पुनर्गठन की कवायद होगी।

# हरियाणा ने दिल्ली तक पानी पहुंचाने वाले बैराज के सभी फाटक बंद किए : आतिशी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी। आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, "लेकिन कल (शनिवार) जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।



## एलजी से मिले 'आप' नेता हरियाणा की शिकायत की



**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है।भारद्वाज ने कहा कि सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25